## स्पीड न्यूज

### सचिवालय घेराव को सफल बनानेवाले पंचायत प्रभारी आज होंगे सम्मानित : मेहता



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** मौर्या फार्म हाउस, नीलाम्बर-पीताम्बरपुर में 13 अपैल को कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता ने सभी पंचायत प्रभारियों से आग्रह किया है गुरुवार को मौर्या फार्म हाउस पहुंच कर उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाने की रुपरेखा तैयार करने में शामिल हों। उन्होंने कहा कि 11 अप्रैल को रांची में सचिवालय कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी पंचायत प्रभारियों को 13 अप्रैल को डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

**अंबेडकर जयंती पर कल कार्यक्रम का आयोजन**

नीलांबर पीतांबरपुर पलामू। संविधान रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती को राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा सामाजिक समरसता दिवस के रूप में 14 अप्रैल को मनाया जायेगा। इस अवसर पर पुराना प्रखंड परिसर, नीलाम्बर-पीताम्बरपुर में प्रातः 11:00 बजे से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस पावन अवसर पर करीब 40 जातियों के एक-एक वयोवृद्ध व्यक्ति को चरण वंदन पखार कर सम्मानित किया जाएगा। मेहता ने कहा कि बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### कुशवाहा महासभा के जिलाध्यक्ष बनने पर बधाई



**सतबरवा पलामू।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा पलामू के जिला अध्यक्ष अजीत मेहता को लगातार बधाई मिल रही है। इसी कड़ी में डालटनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक कुमार चौरसिया के सतबरवा प्रखंड प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा ने मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी। साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर रवि मेहता, विकास मेहता, आशीष सिन्हा समेत कई लोग मौजूद थे।

### शॉर्ट सर्किट से कच्चे मकान में लगी आग, चार लाख का नुकसान



**नीलांबर पीतांबर पुर।** प्रखंड के लोहरा निवासी सुरेश महतो की कच्चे मकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग से लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ित परिजनों से पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता मिलकर 15000 नगद और घर बनाने के लिए 50000 देने की बात कही है। वहीं बीडीओ अनिल कुमार ने पीड़ित परिवार को अंबेडकर आवास देने की बात कही है। घटना मंगलवार की है जहा सुरेश महतो अपने परिवार के साथ घर के बगल खेत में काम कर रहे थे तभी अचानक घर में आग लगने की आशंका हुई। उस घर में एक 2 साल का बच्चा भी सोया था। परिजनों ने किसी तरह बच्चे को निकाला। बच्चे को निकालते ही आग भयंकर रूप ले लिया। घर में रखें कपड़ा, बर्तन, गहना, अनाज, कई घरेलू उपकरण सहित घर ढालने के लिए छड सीमेंट के लिए रखे गए दो लाख रुपए भी जलकर राख हो गया। घटना की खबर मिलते ही विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा है कि 1 दिन के अंदर इनके घर पर अल्बेस्टर डालकर रहने लायक बना दिया जाएगा ताकि मान सम्मान के साथ अपने घर में रह सके। उन्होंने घरेलू जरूरत का सामान देने के लिए भी भरोसा जताया।

### विधायक ने मृतका के परिजनों को बंधाया ढांढस



**तरहसी पलामू।** प्रखंड तरहसी के ग्राम बरकोमा में एक सड़क दुर्घटना हाईवा गाड़ी से सकेंद्र भुइयां की पत्नी चेतनी देवी की मौत हो गई थी। इस घंटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक डा शशिभूषण मेहता उनके घर परिवार से मिलकर गहरा दुख व्यक्त किया। उनके पुत्र को सहयोग राशि दिया। डा मेहता ने कहा कि जो भी सरकारी लाभ मिलेंगे उसे बहुत जल्द दिलाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने मृतक के परिजनों को ढाढ़स बंधाया। साथ ही आगे भी मदद करने का भरोसा दिलाया। कहा कि संकट की घड़ी में हम परिजनों के साथ हैं।

### एनसीपी ने माइंस व क्रशर संचालकों पर मनमानी का आरोप लगाया



**हरिहरगंज पलामू।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के तत्वधान में पिपरा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रविंद्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान, पिपरा प्रखंड अध्यक्ष जनेश्वर भुइंया ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता कर क्रशर प्लांट संचालकों और माइंस लीज धारकों पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि माइंस व प्लांट में भारी अनियमितता तथा नियम विरुद्ध कार्य किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा इन लोगों को परोक्ष समर्थन प्राप्त है। अगर अविलंब इसमें सुधार नही किया गया तो पार्टी आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

### कन्या मध्य विद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा



**विश्रामपुर (पलामू)।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत विश्रामपुर के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हाई राम व संचालन संजय कुमार ने किया। फाउंडेशन के नीलेश कुमार ने बच्चो को हाथ धुलाई के साथ-साथ विद्यालय व अपने घर के आस पास भी विशेष साफ-सफाई करने का संकल्प दिलाया। वही तमन्ना झा ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा स्लोगन, निबंध व नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिसमे कई बच्चे भाग लेंगे और उसे पुरस्कृत भी किया जायेगा। मौके पर शिक्षक नीतीश कुमार,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के संतोष कुमार सौरभ कुमार शुक्ला, इसरार हवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### आंदोलन को लाठी-डंडों से दबाया नहीं जा सकता : कर्नल संजय



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद जयप्रकाश चौक पर सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर विरोध प्रकट किया। अपने वक्तव्य के दौरान भाजपा पुर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड की बर्बर और दमनकारी सरकार ने भाजपा के शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन पर आंसू गैस, वाटर कैनन और लाठियां बरसाई। आंदोलन को लाठी-डंडो से नहीं रोक पाएगी। मौके पर भाजपा नेता रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, अजय प्रसाद गुप्ता, रामप्रवेश सिंह, श्रवन अग्रवाल, अखिलेश मेहता, संतोष सिंह, रंजीत पासवान, सचिता सिंह, सुदेश प्रजापति सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मित्रकाल के विरुद्ध लोकतंत्र को बचाने की है लड़ाई : बिट्टू पाठक



**पांकी पलामू।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में जिला में चल रहे जय भारत सत्याग्रह को लेकर 15 वां दिन पांकी प्रखंड में जय भारत सत्याग्रह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव एजाज खान ने किया। मौके पर जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि ये लड़ाई मित्रकाल के विरुद्ध लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। मौके पर कोषाध्यक्ष अजय साहू, जिला महासचिव आमुख प्रियदर्शी, देवांग शुक्ला, संतोष गुप्ता, मुकेश सिंह, महिला जिला अध्यक्ष उर्मिला देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष मनोज सिंह, महिला प्रखंड अध्यक्ष क्रांति देवी, बृज देव सिंह, मुकेश सिंह, अनिल सिंह, मोहर्रम यादव, प्रमोद सिंह, शिव शंकर, बैजनाथ सिंह, संजय प्रसाद, निरंजन पासवान, रबी खान आदि लोग उपस्थित थे।

# महापौर ने संभाली जलापूर्ति की कमान निगम यथासंभव पानी देगा : अरुणा शंकर

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** महापौर अरुणा शंकर ने बुधवार को चैनपुर शाहपुर के वार्डों में जाकर निगम द्वारा कराई जा रही टैंकर से जलापूर्ति का निरीक्षण किया। महापौर ने उपस्थित महिलाओं को आश्वस्त किया कि मैं लगातार निगम के सभी क्षेत्रों में जाऊंगी और जहां भी पानी की समस्या होगी वहां तत्काल यथासंभव टैंकर द्वारा पानी बढ़ा कर दी जाएगी। महापौर ने यह भी कहा कि अभी सभी वार्ड में (1/2 वार्ड छोड़कर) पार्षदों के माध्यम से 5-5 टैंकर पानी की आपूर्ति की जा रही है जरूरत पड़ी तो टैंकर बढ़ाए जाएंगे। महापौर ने कहा कि मेरी विशेष निगाह ड्राइ जॉन में है कल मैं स्वयं ड्राई जोन में जाऊंगी और जहां जहां पानी की आवश्यकता जितनी होगी निगम यथासंभव पानी देगा। इस क्रम में महापौर ने डोर टू डोर कचरा का भी निरीक्षण किया तथा कर्मियों को कई निर्देश दिये। महापौर ने यह भी बताया पूरे निगम में लगभग डेढ़ सौ पॉइंट नई बोरिंग कराई जा रही है ताकि लोगों को कुछ राहत मिल सके। महापौर ने कहा कि एनीकेट (मिनी बांध) शहर के पानी का लेवल बढ़ाने का एकमात्र विकल्प है।

इसे लेकर सरकार और मंत्री मिथिलेश ठाकुर से मांग करूंगी। कोयल पर शहर के बाहर उचित स्थान पर निगम बोर्ड द्वारा पारित मिनी बांध बनाई जाए ताकि शहरी क्षेत्र के नदी में 5 फीट पानी हमेशा बना रहे जिससे शहरी क्षेत्र के हर बोरिंग और कुएं में पानी आ जाएगा तथा जानवरों को भी नदी में जगह-जगह पानी सुलभ तरीका से मिल सके और किसान भी जमीन सिंचित कर पायें।

# भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री ने बिश्रामपुर विधायक से की मुलाकात, जाना हाल

**विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के घुटनों का हुआ है ऑपरेशन, ले रहे स्वास्थ्य लाभ**

खबर मन्त्र संवाददाता



संगठन मंत्री को गुलदस्ता देते भाजपा नेता।

**बिश्रामपुर (पलामू)।** भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह पूर्व मंत्री सह बिश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी से उनके आवास पर जा कर मिले। उन्होंने चंद्रवंशी से स्वास्थ के बारे में जानकारी ली।

यहां बताते चलें कि विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के घुटने का ऑपरेशन पिछले दिनों गुजरात-अहमदाबाद में हुआ था। ऑपरेशन के बाद चंद्रवंशी अपने आवास पर स्वास्थ लाभ ले रहे हैं। कर्मवीर सिंह ने चंद्रवंशी के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान विधायक पुत्र सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह को गुलदस्ता व शॉल देकर सम्मानित किया। मौके पर वरीय भाजपा नेता रविंद्र नाथ उपाध्याय, जवाहर पासवान, संतोष दुबे, बजरंगी बर्मा, असलम बहादुर सहित कई लोग मौजूद थे।

**घायल जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता का हाल जानने पहुंचे पूर्व सीएम और विधायक**

# जनता हेमंत सोरेन की राजनीतिक कब्र पर 2024 में देगी मिट्टी : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची/मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी भाजपा कार्यकर्ता का गिरा हुआ एक एक बूंद खून आपकी सरकार के राजनीतिक कब्रिस्तान तक पहुंचायेगी और जनता उस कब्र पर 2024 में मिट्टी देगी। उक्त बातें पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने कही। डॉ मेहता सचिवालय घेराव कार्यक्रम में घायल अपने जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता को देखने पारस हॉस्पिटल गए। विधायक डॉ मेहता ने पारस हॉस्पिटल जाकर इलाजरत मेहता का कुशलक्षेम जाना। हॉस्पिटल के चिकित्सकों को मेहता के इलाज में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतने की बात कही। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि मुख्यमंत्री जी शक्ति का दुरुपयोग कर लाठी के सहारे जनाक्रोश को नहीं रोक सकते। जनता जाग चुकी है। राज्य में भरी जनाक्रोश है। एक गए अब 29 बाकी की लोकोक्ति की चर्चा करते हुए डॉ शशिभूषण ने कहा की 2024 का इंतजार कीजिए जनता बता देगी की राज्य का सच्चा हितैषी कौन है। डॉ मेहता ने कहा कि सचिवालय घेराव के माध्यम से भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता भ्रष्टाचारी हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया है। इस दौरान पूर्व सीएम रघुबर दास और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने विधायक डॉ मेहता के साथ पारस हॉस्पिटल पहुंचकर घायल प्रकाश मेहता का कुशल क्षेम जाना।

# मदरसे में हथियार चलाने का प्रशिक्षण : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के पिपराटांड थाना के होटवार मदरसा में देशी कट्टा और गोली पकड़े जाने पर पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने बुधवार को नीलाबर पीतांबर पुर पाकी मेदनीनगर पथ पर स्थित मौर्या फार्म हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पत्रकारों को बताया कि मदरसे में गोली पिस्टल (देशी कट्टा) पकड़े जाना एक गंभीर चिंता की विषय है। उन्होंने बताया कि उन्होंने बताया कि जहां मदरसे में नन्हे-मुन्ने बच्चों को पाक साफ तालीम के जगह पर आतंकी और जहाजीयों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अहम सवाल उठने लगा है कि हाफिज द्वारा मदरसा में तालीम देने के बजाय हथियार चलाने के प्रशिक्षण देने के काम किया जा रहा है।

इसी तरह सभी मदरसे में भी हथियार चलाने की ट्रेनिंग दिया जा रहा है। सरकार द्वारा हर वर्ष मदरसे में करोंड़ों रू अनुदान की राशि खर्च करने के बाद मदरसा से पढ़ कर न कोई इंजिनियर बना और न कोई डाक्टर या आईस आईपीएस अधिकारी बना बस मदरसों में तालिम शिक्षा देने के बजाय हथियार चलाने की ट्रेनिंग दी जाती है। जब स्कूलों में उर्दू की पढ़ाई कि ही जाती है तो अलग से मदरसे कौन सा पाठ पढ़ाया जाता है। उन्होंने इसे सरकार अविलंब बंद करवाने की मांग की है। तथा इस मामले को सदन में उठाया बातें कही गई तथा बताया गया कि आने वाले दिनों में हमारी भाजपा की सरकार बनेगी और सबसे पहले मदरसे को बंद करवाया जाएगा। ताकि राज्य में अमन चैन कायम रहे। मदरसे में जहाजी और उग्रवादी प्रशिक्षण देना कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने इस पांकी विधानसभा क्षेत्र सभी मदरसों को एनआईए तथा सीबीआई एवं किसी भी स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने की मांग भी की है।

उन्होंने कहा कि कुछ दिन बाद ही होटवार गांव में यज्ञ की अनुष्ठान प्रारंभ किया जाना है। उसके पूर्व ही मदरसे में पढ़ाने वाले शिक्षक हाफिज नदीम अंसारी के पास देशी कट्टा गोली मिलना कही बड़ी घटना को निमंत्रण देने के बराबर थी। लेकिन पुलिस प्रशासन इसे धर दबोचा। पांकी दंगा वाले घटना के कई नामजद अभियुक्त नहीं पकड़े हैं। कईअभियुक्तो को राजनीति संरक्षण मिल रहा है जिसके कारण अभियुक्तों गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है। मौके पर लालाप्रसाद यादव, बच्चन ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## डीडीसी ने किया पीएम आवास निर्माण योजना का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा।** उप विकास आयुक्त सह सतबरवा प्रखंड के पीएम आवास योजना के प्रभारी रवि आनंद ने बुधवार को बीडीओ राज किशोर प्रसाद के साथ आवास निर्माण कार्य संबंधी विस्तृत रूप से जानकारी प्राप्त किया।

इस दौरान पोंची गांव के लाभुक सुरेश राम, उर्मिला कुवंर व हलुमाड़ गांव के हीरामणि देवी के अधूरे आवास का निरीक्षण किया। हीरामणि देवी ने डीडीसी आनंद से शिकायत की कि 40 हजार रुपए मिलने के उपरांत डोर लेवल तक का कार्य पूर्ण कर लिया हूं। अगली किस्त के राशि के लिए बीते 6 माह से प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रही हूं।

मगर अभी तक राशि प्राप्त नहीं हो सकी है। डीडीसी ने आश्वासन देते हुए कहा कि आज ही दूसरी किस्त की राशि खाते में भेज दिया जाएगा। आनंद ने कहा कि वैसे लाभूक जिन्होंने द्वितीय किस्त की राशि प्राप्त कर लिया है तथा आवास निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कर रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर नोटिस जारी करें तथा निर्माण नहीं करने वालों पर उचित कार्रवाई करें। इस मौके पर बीडीओ राज किशोर प्रसाद, बीपीआरओ सुरेश ठाकुर तथा अन्य लोग मौजूद थे।

# बिजली अधीक्षण अभियंता 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगायें : सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता



किशुनपुर आदर्श ग्राम में खराब पड़ा आर ओ प्लांट।

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड अंतर्गत सांसद आदर्श ग्राम पंचायत किशुनपुर में लो वोल्टेज के कारण पेयजल के लिए लगाया गया आरओ प्लांट बंद हो गया है। इसे लेकर गर्मी में लोगों को पेयजल की परेशानी हो रही है। इस संबंध में सांसद बिष्णु दयाल राम ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को पत्र के माध्यम से सांसद आदर्श ग्राम में 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने को कहा है। सांसद ने कहा कि किशुनपुर मंडल के सांसद प्रतिनिधि सुमन गुप्ता आवेदन देकर सांसद आदर्श ग्राम किशुनपुर में लो वोल्टेज के कारण आरओ प्लांट बंद होने की जानकारी दी है। वहां पर लगा ट्रांसफार्मर लोड नहीं ले पा रहा है। सांसद ने 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। ताक जनता को कठिनाईयों का सामना नहीं करना पड़े।

### बिहार बिहारिणी मठ संघर्ष समिति ने की बैठक



**हरिहरगंज पलामू।** शहर के मेन बाजार आर सी लाल चौक के समीप बुधवार को बिहार बिहारिणी प्रमोद वन बड़ी कुटिया के तत्वावधान में संघर्ष समिति की बैठक संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता कामेश्वर शर्मा ने की तथा संचालन कृष्ण कुमार सिंह ने किया। वक्ताओं ने कहा कि पिछले वर्ष अररूआ खुर्द स्थित बिहार बिहारिणी मठ की जमीन को कुछ लोगों द्वारा अवैध तरीके से कब्जा करने का प्रयास को विफल करने के लिए क्षेत्रवासियों द्वारा आंदोलन किया गया था। इसमें शामिल कुछ लोगों पर फर्जी मुकदमा दर्ज किया गया है। वक्ताओं ने कहा कि फर्जी मुकदमा वापस नहीं लिया जाता है तो पुनः शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन शुरू किया जाएगा। बैठक में वैश्य जागृति मंच के अध्यक्ष भोला गुप्ता, विनय जायसवाल, महादेव यादव,राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, वरिष्ठ नेता लखन यादव, बुधन सिंह यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, गणेश शौंडिक, अरविंद पासवान, आजसू के रामजी राम, लक्ष्मी विश्वकर्मा, संतोष प्रसाद, भोला शर्मा, राजेश दास, विनोद यादव, अखिलेश विश्वकर्मा, राजेश शौंडिक, धर्मेंद्र पटेल,संदीप कुमार प्रमोद गुप्ता, पवन कुमार, दिनेश स्वर्णकार, शंकर चौधरी, भीष्म ठाकुर, संजीव, कृष्णा शौंडिक, छोटू यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### शिक्षा, स्वास्थ्य व आइसीडीएस आपस में बेहतर समन्वय बनाकर गोली खिलाने का लक्ष्य पूरा करें



**मेदिनीनगर।** जिले में आगामी 20 अप्रैल को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत विशेष अभियान चलाया जायेगा। इसके तहत 1 से 19 साल तक के किशोर एवं किशोरियों को कृमि नाशक अल्बेंडाजोल की गोली खिलायी जाएगी। यह गोली जिले में सभी सरकारी व निजी विद्यालयों एवं सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर खिलायी जायेंगी। यह बातें उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की सफलता के लिये आयोजित बैठक में कही। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य व आईसीडीएस को आपस में बेहतर समन्वय बनाते हुए कुल लक्षित 11 लाख 12 हजार 829 बच्चों को गोली खिलाने पर बल दिया। इसके अलावे बैठक में डीआरसीएचओ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने कृमि संक्रमण से बचाव, इलाज और फायदे के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उपायुक्त दोड्डे ने जिले के सभी अभिभावकों से भी इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की है।

## पलामू भाजपा ने किया सीएम का पुतला दहन



**मेदनीनगर।** भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं की। अगुवाई कार्यकर्ताओं ने हेमंत सोरेन का पुतला लेकर गीता भवन से छ्मुहान चौक तक सरकार विरोधी प्रदर्शन किया कल सचिवालय घेराव करते हुए कार्यकर्ताओं के ऊपर बर्बरतापूर्वक लाठी चलाए जाने के विरोध में लोकतंत्र के हत्यारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला फूंका गया। जिलाध्यक्ष पाठक ने कहा कि राज्य का मुख्यमंत्री लूटेरा है। प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह बिपिन बिहारी सिंह अविनाश वर्मा परशुराम ओझा, अजय तिवारी, अमित तिवारी, विजय ओझा, अरविंद गुप्ता, सुरेंद्र विश्वकर्मा शिव कुमार मिश्रा, सोमेश सिंह, अजय सिंह, श्याम बाबू, प्रदीप सिन्हा, संजय कुमार, अभी मनोज तिवारी, सोमेश सिंह उपेंद्र सिंह छोटू सिंह सुनील पांडे, सुनील पासवान स्वेतांग गर्ग शिव कुमार मिश्रा सोमेश सिंह, अनिमेष सिंह, विजय ठाकुर पंकज शर्मा किशन मखड़िया गुड्डू बर्मन विक्रांत सिंघानिया राकेश दुबे रमेश शुक्ला अनिल सोनी श्याम चौधरी मनोज गुप्ता जितेंद्र तिवारी राकेश तिवारी, आशीष भारद्वाज, सीटू गुप्ता, पूर्णिमा चंद्रवंशी, अन्नपूर्णा तिवारी सुमन सिंह, ज्योति कुमारी, रूबी सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कैथोलिक चर्च में डालटनगंज धर्मप्रांत के लिए बुलाहट शिविर का अयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** कैथोलिक चर्च में 12 अप्रैल से 14 अप्रैल तक डाल्टनगंज धर्मप्रांत के लिए पुरोहित बन कर जो युवा कार्य करना चाहते हैं। उनके लिए बुलाहट शिविर का आयोजन किया गया है। इस मौके पर शिविर की सुरुआत बिशप थियोडोर ने मिस्सा पूजा कर किया। शिविर में 22 युवा भाग ले रहे हैं। बिशप थियोडोर ने संदेश देते हुए कहा कि प्रभु येसु ने लोगों में प्यार बाटने और सेवा करने के लिए दुनिया में आये। पर लोगों ने उन्हें क्रूस दिया। लेकिन येसु मृतकों में से जी उठे हैं। उन्होने मृत्यु पर विजय प्राप्त किया है। आप जो येसु का अनुकरण सेवा और लोगों को प्यार दे कर करना चाहते है। तो आपको नम्र और ईमानदार बनना होगा। इस मौके पर उपास्थित बिशप सेक्रेटरी फादर प्रदीप बखला ने अपने पांच वर्ष पुरोहिताई जीवन की वर्षगांठ मनाया। बिशप थियोडोर के साथ फा अरविन्द मुंडा फा.अमित खाखा, फा.जोन ब्रदर, सुमन कुजूर, जेवियर,अजीत,टोबियास और धर्मबहने उपस्थित थे।

### आजसू पार्टी ने की तोरण द्वार जलाने की निंदा



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय संविधान निमार्ता बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर जी के तोरण द्वार निलाम्बर पिताम्बर पुर (लेस्लीगंज) के जुरू ग्राम तोड़ कर जला देने की घटना का आजसू पार्टी घोर निंदा करती है। आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सह गढवा जिला प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि कुछ ओछी मानसिकता के लोग बाबा साहब का अपमान करके राष्ट्र का अपमान किया है। जिला प्रशासन अविलंब इस कुकर्म मे शामिल अपराधियों को चिन्हित कर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करे।

# चैनपुर प्रखंड के पथरा में महारूद्र यज्ञ का आयोजन

भव्य निकाली गयी कलश यात्रा

यज्ञ से वातावरण शुद्ध होगा व लोगों में धार्मिक भावना जागृत होगी : आलोक चौरसिया

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर/चैनपुर।** चैनपुर प्रखण्ड के पथरा गांव में मुंसफ प्रसाद उर्फ पहलवान साहब की स्मृति में महारुद्र यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भव्य कलश यात्रा हाथी, घोड़े, गाजे बाजे के साथ निकाली गई। कलश यात्रा में हजारो की संख्या में महिला, पुरुष व श्रद्धालु शामिल हूए। इस कलश यात्रा में आठ किलोमीटर की यात्रा तय कर श्रद्धालुओं ने लोकेया नदी के तट से कलश में जल उठाया। डालटनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया के नेतृत्व में महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जो 12 अप्रैल से 22 अप्रैल तक महायज्ञ किया जाएगा। इसमें 13 अप्रैल से 22 अप्रैल तक मानस पाठ एवं रात्रि में प्रवचन होगा। इसके साथ ही 22 अप्रैल को हवन एवं पूणाहुति की जाएगी। इस महायज्ञ में 12 अप्रैल से 22अप्रैल तक निर्बाध भव्य भंडारा का आयोजन किया गया जायेगा। यह महायज्ञ श्री श्री 1008 गंगा पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण त्रिवेदी स्वामी जी महाराज के नेतृत्व में किया जा रहा है। साथ ही प्रसिद्ध प्रवचन कर्ता देवी प्रतिमा जी वृंदावन के द्वारा प्रवचन किया जाएगा। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि कलश यात्रा के साथ ही यह महारूद्र यज्ञ का शुभारंभ वैदिक मंत्रोचार के साथ किया गया। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल तक चलने वाला महायज्ञ में पथरा के आसपास के दर्जनों गांव के लोग शामिल होकर सफल बना रहे हैं। यज्ञ से लोगों में सद्बुद्धि एवं सद्भावना जागृत होता है। यज्ञ कराना एक बहुत बड़ा पुण्य का काम है। उन्होंने आम लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि इस यज्ञ में शामिल होकर पुण्य का भागी बने। इस मौके पर रामलव चौरसिया, लवलेश चौरसिया, ज्ञानधन चौरसिया, अशोक चौरसिया, भीम चौरसिया, मनोज चौरसिया समेत काफी संख्या में महिला, पुरुष शामिल थे।

# एनएचआइ संवेदक ने भंडार गांव में जबरदस्ती कार्य किया शुरू, रैयतों का विरोध

स्थानीय लोगों ने कार्य बंद कराते हुए सड़क किनारे शांतिपूर्ण दिया धरना

विश्रामपुर अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी ने लोगों को समझा बुझाकर कराया शांत

खबर मन्त्र संवाददाता



आक्रोशित लोगों को समझाते सीओ व थाना प्रभारी।

**सड़क किनारे के झाड़ की हो रही थी सफाई : पार्थो घोष**

फोरलेन सड़क निर्माण करा रही कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर पार्थो घोष ने कहा कि निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है। केवल सड़क किनारे लगे हुए झाड़ की सफाई की जा रही थी। जिसे लोग निर्माण कार्य की शुरूआत समझ कर आक्रोशित हो गए थे।

**विश्रामपुर (पलामू)।** एनएच 39 फोरलेन सड़क निर्माण कार्य करा रही कंपनी के द्वारा बुधवार को भंडार गांव में जबरदस्ती सड़क निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया। जबकि अधिग्रहण की जाने वाली भूमि का मुआवजा भी किसी रैयतों को नहीं मिला है और ना ही मुआवजा की राशि भूअर्जन विभाग द्वारा तय की गई है। निर्माण कार्य करा रही कंपनी के कर्मियों द्वारा जबरदस्ती पोकलेन आदि मशीन को लगाकर कार्य शुरू किए जाने से लोग आक्रोशित हो गए। आक्रोशित लोगों ने निर्माण कार्य को बंद कराते हुए मोबाइल पर इसकी जानकारी पलामू उपायुक्त सहित भू अर्जन पदाधिकारी, विश्रामपुर अंचलाधिकारी प्रशांत हेंब्रम, व थाना प्रभारी शशी रंजन को दी। जहां दोनों ने पहुंच कर आक्रोशित लोगों से बातचीत कर उन्हे शांत कराया। लोगों को आश्वासन किया कि नियमानुसार सारी प्रक्रिया पूरी कर के ही निर्माण कार्य शुरू किया जायेगा। तब जाकर लोग शांत हुए। मिली जानकारी के अनुसार एनएच 39 फोरलेन सड़क निर्माण कार्य हेतु एनएचआई के द्वारा भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की गई है। अधिग्रहण को लेकर जमीन का सीमांकन का कार्य अलग-अलग दो चरणों में पूरा भी कर लिया गया है। सर्वप्रथम अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी, अमीन, जिला भू अर्जन कार्यालय व एनएचआई के द्वारा उपलब्ध मैप के आधार पर अधिग्रहण किए जमीन का सीमांकन कार्य किया गया। वहीं दूसरी बार निर्माण कार्य करा रही कंपनी के द्वारा भी अधिग्रहित जमीन की मापी का कार्य अपने कर्मियों के द्वारा कराया गया। जिसमें पूर्व व वर्तमान दोनों बार मापी में भिन्नता पाई गई। धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों भाजपा कार्यसमिति सदस्य सुनील पांडेय, बसपा नेता राहुल दुबे, बैजनाथ पांडेय,चंद्रशेखर पांडेय, प्रवीण सिंह, रवि सिंह, भीम पांडेय सहित सैकड़ों लोगों का नाम शामिल है।

स्पीड न्यूज

## विधायक ने बांटे आपदा राशि की स्वीकृति आदेश पत्र

**बेरमो /गोमिया।** गोमिया प्रखंड मुख्यालय में गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर महतो ने आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा मिलने वाली मुआवजा राशि के स्वीकृति आदेश पत्र का वितरण लाभुकों के बीच किया। मौके पर जिपस विमला देवी, बीडीओ कपिल कुमार उपस्थित थे। विधायक ने कहा की गोमिया प्रखंड में प्राकृतिक आपदा में जैसे वज्रपात, सर्पदंश या कोविड से जिनकी मृत्यु हो गई थी उसी के तहत लाभुकों के बीच आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा उपलब्ध कराई गई मुआवजा राशि का स्वीकृति आदेश का वितरण किया गया है।

## भोगता परब पर छात्राओं ने की सफाई

**बोकारो/कसमार।** कसमार रणभूमि क्षेत्र अंतर्गत कसमार प्रखंड के सिंहपुर मंड़प थान में भव्य रूप से मनाया जाने वाले भोगता परब को लेकर सिंहपुर इंटर कॉलेज सिंहपुर की छात्राओं ने बुधवार को सड़क एवं शायर बांध तालाब परिसर की साफ-सफाई की। इस दौरान विद्यालय के निदेशक सुजीत कुमार ने कहा कि यह इस क्षेत्र का बहुत ही पवित्र एवं महान पर्व है इसलिए छात्राओं ने स्वेच्छा से सफाई की। उपवास के दिन कॉलेज शिविर लगाकर फल एवं पानी की व्यवस्था करेगी। मौके पर प्रदीप कुमार महतो, मुरारी कुमार महतो, प्रहलाद चंद्र महतो, आशीष कुमार रजक, आशीष कुमार जयसवाल, छोटू कपरदार, मृत्युंजय महतो आदि शामिल थे।

## जेल सिपाही को जेलर और सहयोगियों ने दी श्रद्धांजलि

**बेरमो /तेनुघाट।** तेनुघाट जेल के सिपाही ओम प्रकाश कुमार की बीते रात निधन हो गया। इस बारे में जेल के जेलर नीरज कुमार ने बताया कि दिवंगत ओम प्रकाश मंगलवार की रात 9 बजे जेल से वापस अपने आवास गए तो रात लगभग 11 बजे सूचना मिली कि घर पर उसकी तबियत खराब हो गई है। सूचना मिलने पर तुरंत वहां पहुंचा उसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दिवंगत की पार्थिव शरीर को जेल अधीक्षक अनिमेष चौधरी, नीरज कुमार, बिजय कुमार सहित जेल के पुलिस बल ने फूल माला अर्पण किया और शोक प्रकट किया।

## टीम बिल्डिंग एक्सरसाइज सह महिला बैडमिंटन टूर्नामेंट संपन्न

**बोकारो।** बीएसएल के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में सीजीएम (मैकेनिकल) वीके सिंह की अगुवाई में सेन्ट्रल मेंटेनेंस मैकेनिकल के अधिकारियों व उनके परिवार के सदस्यों के लिए टीम बिल्डिंग एक्सरसाइज सह महिला बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें सीजीएम (एमआरडी) राजीव धवन, सीजीएम (सेवाएं) अनिल कुमार, सीजीएम (अनुरक्षण) शरद गुप्ता, सीजीएम (सिंटर प्लांट) आरके बेहरा सहित अन्य अधिकारी सपरिवार उपस्थित थे। टूर्नामेंट में रंजना पुनिया को प्रथम, अक्षिता सिंह को द्वितीय तथा उषा ठाकुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा प्रतीक उपहार देकर सम्मानित किया गया।

## लायंस पब्लिक स्कूल में चला खसरा-रुबैला टीकाकरण

**सिन्दरी।** पूरे देश में खसरा व रुबैला से बचने के लिए सरकार ने मंगलवार से टीकाकरण अभियान की शुरूआत की है। इस टीकाकरण में 15 वर्ष के बच्चों तक का टीकाकरण किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत लायंस पब्लिक स्कूल सिन्दरी में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीकाकरण शिविर आयोजित कर 150 से अधिक बच्चों का टीकाकरण किया गया। टीकाकरण टीम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से एएनएम गीता कुमारी, छवि कुमारी, सेविका राधा देवी, ललिता मुर्मू, अनिता देवी व राखी देवी सहित स्कूल प्राचार्य रमेश शर्मा, विभा शर्मा व जअमं अध्यक्ष आर कुमार शामिल थे।

## प्रज्वला महिला समिति ने पनशाला का उद्घाटन किया

**सिजुआ।** बुधवार को सिजुआ, नया मोड़ स्थित लोडिंग प्वाइंट मे एक पनशाला का उद्घाटन प्रज्वला महिला समिति, सिजुआ क्षेत्र के अध्यक्ष काकोली राय के द्वारा किया गया। उद्घाटन के पश्चात अध्यक्षा श्रीमती काकोली राय ने बताया कि इस भीषण गर्मी को देखते हुए समिति द्वारा जगह-जगह पनशाला की व्यवस्था की जाएगी ताकि मजदूरों, राहगीरों को ठंडे पानी, चना, एवं गुड़ के साथ पूरी गर्मी समिति के द्वारा व्यवस्था की जाएगी। इस अवसर पर रत्ना गुप्ता, सुनीता सिंह, संटू झा, वन्दना केसरी, सीमा जयसवाल, संगीता धुर्वे, अनीता कुमार, अर्पणा चौधरी, स्वेता विश्वकर्मा, माया सिंह, परियोजना पदाधिकारी, मुदीडीह, जीएल धुर्वे संदीप घोष, तपस कुमार मंडल, आर बी दोरजी, साधन महतो, सितारे अहमद, सुनील सिंह आदि मौजूद थे।

# डीडीसी ने किया कार्मेल स्कूल में एमआर अभियान का शुभारंभ

### 9 माह से 15 वर्ष तक के आठ लाख से अधिक बच्चों को वैक्सीन देने का लक्ष्य

खबर मन्त्र संवाददाता



मीजल्स, रूबेला जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**धनबाद।** उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह ने बुधवार को मीजल्स रूबेला (एमआर) अभियान का झारुडीह स्थित कार्मेल स्कूल से शुभारंभ किया। अभियान का शुभारंभ करने के बाद उप विकास आयुक्त ने कहा कि मीजल्स रूबेला का टीका जीवन रक्षक है। सरकार चाहती है की हर बच्चा स्वस्थ्य रहे। परंतु जानकारी एवं जागरूकता के अभाव में कई बच्चे वैक्सीन लेने से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने वैक्सीन लेने वाले बच्चों से अनुरोध किया कि वे अपने आस-पड़ोस के बच्चों को भी वैक्सीन लेने के लिए जागरूक करें और इस महाअभियान का हिस्सा बने।

उन्होंने कहा कि यह अभियान 5 सप्ताह तक चलेगा। प्रत्येक स्कूल, आंगनबाड़ी सहित 5000 साइट्स वैक्सीन के लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयार किए गए हैं। वैक्सीन डोर टू डोर नहीं लगाया जायेगा। इसमें 9 महीने से लेकर 15 साल तक के जिले के लगभग आठ लाख से अधिक बच्चों का टीकाकरण निर्धारित है। मौके पर सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने कहा अगर किसी बच्चे ने पहले भी टीका लिया है तो भी उसे टीका दिया जाएगा। कहा खसरा रोग के सफाया तथा रूबेला को नियंत्रित करने के लिए बच्चों को यह टीका दिया जाना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही बताया कि खसरा एक जानलेवा रोग है। यह वायरस द्वारा फैलता है। इसके कारण बच्चों में दिव्यांगता तथा असमय मृत्यु हो सकती है। वहीं रूबैला भी एक संक्रामक रोग है। यह भी वायरस द्वारा फैलता है। इसके लक्षण खसरा रोग जैसे होते हैं। यह लड़के या लड़की दोनों को संक्रमित कर सकता है। उन्होंने कहा खसरा रूबैला का टीका पूर्ण रूप से सुरक्षित है। इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं है। बच्चों को यह टीका एक प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी द्वारा लगाया जा रहा है।

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के एसएमओ डॉ अमित कुमार तिवारी ने बताया कि अभियान के प्रथम दिन जिले के 30000 बच्चों को वैक्सीन देने का लक्ष्य है। कार्मेल स्कूल में 300 बच्चों को वैक्सीन दिया जायेगा। मीजल्स रूबेला अभियान का शुभारंभ करने के बाद डीडीसी सहित अन्य पदाधिकारियों ने मीजल्स रूबेला जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना। यह रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में घूम कर लोगों से अपने बच्चों को वैक्सीन लेने के लिए जागरूक करेगा। मौके पर उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा, वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के डॉक्टर अमित कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार, डीआरसीएचओ डॉ संजीव कुमार, कार्मेल स्कूल की प्राचार्या सिस्टर मारिया किर्ति, सिस्टर श्रेया, स्वास्थ्य विभाग के उपनिदेशक डॉ शशि प्रकाश शर्मा, राज्य समन्वयक आइईसी पंकज कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## डीपीएस चास के विद्यार्थियों ने 3 ओलंपियाडों में जीते 109 पदक




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस चास के छात्र-छात्राओं को सिल्वर जोन, हमिंग बर्ड और साइंस ओलंपियाड में 72 स्वर्ण, 20 रजत और 17 कांस्य पदक के विजेताओं को कार्यवाहक प्राचार्य दीपाली भुस्कुटे ने मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। 5वीं कक्षा के छात्र दक्षेश गोस्वामी ने सबसे ज्यादा 8 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल, सिल्वर जोन इंग्लिश ओलंपियाड में कुल 15 प्रतिभागियों में 6 ने गोल्ड, 5 ने सिल्वर व 4 ने ब्रांज मेडल प्राप्त किया। सिल्वर जोन साइंस ओलंपियाड में 16 प्रतिभागियों में 6 विद्यार्थियों ने गोल्ड, 5 ने सिल्वर और 5 ने ब्रांज मेडल प्राप्त किया। वहीं 12 प्रतिभागियों में 3 विद्यार्थियों ने गोल्ड, 5 ने सिल्वर और 4 ने ब्रांज मेडल प्राप्त किया। साइंस व जीके ओलंपियाड में 47 विद्यार्थियों ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। बच्चों को बधाई देते हुए स्कूल की चीफ मेंटर डॉ. हेमलता एस मोहन ने कहा कि डीपीएस चास पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है। दीपाली भुस्कुटे ने कहा कि विद्यार्थी अपनी क्षमता को पहचानने के लिए सफल बच्चों से प्रेरणा लें। संचालन 8ए की छात्रा निकिता मिश्रा ने किया। छात्रा रानी कुमारी ने 'थॉट ऑफ द डे' और अनन्या ने 'न्यूज ऑफ द डे' सुनाकर सभी की सराहना पाई। गोल्ड मेडल जीतने वालों में अंशरिथ रंजन, आशना सरोज, पवन कुमार, दक्षेश गोस्वामी, अनीश कुमार सिंह, आशना सरोज, अन्विता नंदन, पवन कुमार, दक्षेश गोस्वामी, संपत चटोपाध्याय, कृष्णांग, अन्विता नंदन, दक्षेश गोस्वामी, कृष्णांग, आदित्य, ऋतु रानी, रेहान सिद्दीकी, अदिति महतो सहित अन्य के नाम शामिल है।

## कोयला लदी मालगाड़ी का एक डब्बा हुआ बेपटरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/गोमो।** बरकाकाना रेलखंड के फुसरो स्टेशन से अमलो होल्ट के पोल संख्या 29/13 के समीप कोयले से लदा मालगाड़ी का डब्बा बेपटरी होने के कारण पलटते पलटते बचा। जिससे एक बड़ी दुर्घटना टली। खबर लिखे जाने तक बेपटरी होने का पता नहीं चल पाया था। जानकारी मिलते ही रेल के अधिकारी मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ले रहे है। वहीं रेलवे के अधिकारी और



कर्मचारीयो के द्वारा डब्बा को उठाने का प्रयास किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे डीआरएम ढोरी जीएम घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर डीआरएम कमल किशोर सिन्हा, ढोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल, एसओपी प्रतुल कुमार, बैजनाथ महतो मौके पर पहुंचे और घटना की विस्तृत जानकारी लिया एवं अधिकारियों को उचित कार्यवाही करने का आदेश दिया।

**क्या कहते है डीआरएम**

डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने कहा कि घटना किस कारण से हुई है इसकी जांच की जा रही है। साफ-सफाई को लेकर कहा कि पटरी पर लगातार साफ सफाई का कार्य चल ही रहा है। ट्रेन के समय में बदलाव पर कहा कि सुरक्षा के दृष्टिकोण ट्रेन के समय को बदलाव किया गया है।

## सीने में दर्द के बाद धनबाद उपायुक्त अस्पताल में हुए भर्ती, स्थिति सामान्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिले के उपायुक्त संदीप सिंह की अचानक तबियत खराब हो गई। अचानक उनके सीने में दर्द होने लगा। जिसे लेकर पूरे जिले में खलबली मच गई और परिवार के लोग वाह जिला प्रशासन के लोगों के साथ उन्हें धनबाद के एस एन एन एम सी एच ले जाया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। बता दें आनन-फानन में शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां मेडिसिन डिपार्टमेंट के डॉ यूके ओझा की देखरेख में उनके स्वास्थ्य की पूरी जांच हुई।

**एसएनएमएमसीएच में हुआ इलाज, फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर**

वहीं सूत्रों के मुताबिक जिले के उपायुक्त संदीप सिंह को एसएनएमएमसीएच पहुंचाया गया उपायुक्त के स्वास्थ्य खराब होने की सूचना मिलने पर जिले के सिविल सर्जन समेत कई वरीय पदाधिकारी भी शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल पहुंच गए। जहां विभिन्न उपकरणों से उपायुक्त संदीप सिंह के स्वास्थ्य की जरूरी जांच की गई। इस दौरान करीब 2 घंटे तक उपायुक्त इलाजरत रहे। जिसके बाद उन्हें वापस घर ले जाया गया।

## हेल्प डेस्क में ऑनलाइन ज्वाइंट डिक्लेरेशन की सुविधा

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा अपने सेवानिवृत्त या सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों तक आवश्यक जानकारियाँ पहुंचाने के उद्देश्य से लांच सहयोग वेबसाइट पर दो हेल्प डेस्क खोले गए हैं जहाँ उन्हें फार्म भरने की सुविधा दी जा रही है। इसी क्रम में वैसे सेवानिवृत कर्मी जो ईपीएफओ में अपना विवरण जैसे नाम इत्यादि की त्रुटि में सुधार करना चाहते हैं उनके लिए ऑनलाइन ज्वाइंट डिक्लेरेशन ऑप्शन की सेवा भी शुरू की गई है जिस पोर्टल में सेवानिवृत कर्मी अपना सही विवरण भर कर आई डी प्रूफ के साथ अपलोड कर सकते हैं।

## सीवरेज टीट्रमेंट प्लांट निर्माण में सुरक्षा की हो रही है अनदेखी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो /बोकारो।** थर्मल-बोकारो में 39 करोड़ की लागत से सिवरेज टीट्रमेंट प्लांट का निर्माण कराया जा रहा है। इस प्लांट में कंपनी मजदूरों के सुरक्षा पर अनदेखी कर रही है। इससे बड़ी दुर्घटना कभी भी घट सकती है। कॉर्मेल स्कूल के समीप पाइपलाइन के काम के दौरान एक मजदूर ट्रेंच का मलवा धंसने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। बावजूद कंपनी मजदूरों के सुरक्षा को लेकर अनदेखी कर रहीं है। डीवीसी प्रबंधन ने इसकी जिम्मेवारी गुजरात की कंपनी भरत जी पटेल को दे रखी है। इस प्लांट को 15 माह में कंपनी को पूरा करना है। जुन 2022 में प्लांट का काम शुरू हुआ था। लेकिन 10 माह में प्लांट का काम सिर्फ पाइप लाइन का काम भी पूरा नहीं हो पाया है।

**मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी भी नसीब नहीं**



सिवरेज टीट्रमेंट प्लांट के निर्माण में लगे मजदूरों को सरकार द्वारा निधारित न्यूनतम मजदूरी भी नहीं मिलती है। इसको लेकर आजसू और जिप सदस्या शहजादी बानो ने कई बार काम भी बंद कर आंदोलन भी किए। बावजूद कंपनी इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं कर रहीं है। इस मामले में डीवीसी मुख्यालय को भी अवगत कराया गया है। झामुमो के किसान मोरचा जिला उपाध्यक्ष गंगाराम महतो ने न्यूनतम मजदूरी और मजदूरों के सुरक्षा को लेकर चरणबद्ध आंदोलन करने की सूचना डीवीसी मुख्यालय को दिया है।

**खेतको का बालू और चालान बंगाल का**

सिवरेज टीट्रमेंट प्लांट के निर्माण में खेतको का बालू का उपयोग किया जा रहा है, लेकिन चालान बंगाल का दशार्या जा रहा है। ईंट का भी हाल भी बेहतर नहीं है। इस मामले में कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर दीनदयाल जांगीर ने कहा कि प्लांट का 40 फीसदी काम पूरा हो गया है। निर्माण कार्य में बंगाल से बालू की आपूर्ति की जा रहीं है। मजदूरों की सुरक्षा को लेकर कंपनी गंभीर है।

## जमीन विवाद में चली गोली से एक की मौत, एक घायल

खबर मन्त्र संवाददाता



पुलिस ने 6 खोखा किया बरामद

**धनबाद।** बुधवार को धनबाद जिले के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के पांडे बरवा बायपास रोड के समीप कई राउंड गोली चली। जिसमें दो लोग गोलीबारी के शिकार हो गए। इस गोलीबारी की घटना में दो लोगों को गोली लगी है। दोनों जख्मियों को धनबाद के एसएन एमएम सी एच अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां एक की मौत होने की सूचना है। मौके से बरवाअड्डा पुलिस ने 6 खोखा बरामद किया है। सूत्रों की माने तो बीसीसीएल कर्मी नागेंद्र यादव एवं जमीन कारोबारी राजकुमार साव को गोली लगी है। शहीद निर्मल महतो मेमोरियल अस्पताल में कुर्मी डीह के रहने वाले राजकुमार साव की इलाज के दौरान मौत हो गई है। बताते चले कि सप्ताह भर पहले बरवाअड्डा में सरकारी जमीन की लूट खसोट के विरोध में ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी एवं बरवाअड्डा थाना के खिलाफ प्रदर्शन भी किया था।

## एक नजर में

### शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो को दी गयी श्रद्धांजलि

**बेरमो/चंद्रपुरा।** प्रखंड के नेहरू उच्च विद्यालय तेलो में 11 अप्रैल को राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो को श्रद्धांजलि दी गयी। सभा में जगरनाथ महतो के तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया। सभा का आयोजन झामुमो के वरीय नेता योगेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में किया गया। सभा में सभी राजनीतिक दलों के नेता व कार्यकताओं को आमंत्रित किया गया था। श्रद्धांजलि देने वालों में चंद्रपुरा प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सह तेलो मध्य पंचायत के मुखिया युगल महतो, तेलो पश्चिमी पंसस राजेन्द्र महतो, तेलो मध्य पंसस सदानंद महतो, झामुमो चंद्रपुरा प्रखंड सचिव बालमुकुंद महतो, प्राचार्य आनंद महतो, सुरेंद्र सिंह, अर्जुन पंडित, राजेश मंडल, भुनेश्वर महतो, ईश्वर महतो, आरपी यादव, अनिल पांडेय, प्रेमचंद महतो, संतोष महतो, गोविंद वर्णवाल, बेनी पंडित समेत अन्य शामिल थे।

### जंगल में लगी आग से बर्बाद हो रहे हैं कीमती पेड़-पौधे

**बेरमो /बोकारो।** बेरमो अनुमंडल स्थित सीसीएल के अमलो कोयला खदान के परियोजना ऑफिस के बगल में अवस्थित जंगल में लगी आग से कई कीमती पेड़ और जड़ी बूटियां वाले पौधे जल रहे हैं। 'स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान' के महासचिव को मिली जानकारी पर संस्थान की तीन सदस्यीय टीम महासचिव शशि भूषण ओझा 'मुकुल' के नेतृत्व में संस्थान के उपाध्यक्ष वैद्य गणेश साव और नशामुक्ति अभियान के संयोजक लक्ष्मण शर्मा आग लगी हुई जगह पर पहुंच कर निरीक्षण किया और इसकी सूचना बोकारो के डीएफओ को दिया गया। अमलो परियोजना पदाधिकारी कुमार सौरभ से उनके कार्यालय में मिलकर उन्हे जानकारी भी दी गयी। उन्हे बताया गया कि आपके कार्यालय के ठीक बगल के जंगल में लगी आग भयानक रुप धारण कर रही है जिसमें कई पेड़ जल रहे हैं। आजकल जंगलों में आग की घटनाएं बहुत तेजी से बढ़ रही है। जिस कारण प्राकृतिक वन संपदा को भारी नुकशान हो रहा है जिससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। संस्थान की सोच है कि वन विभाग के साथ ही आमजन को भी सचेत रहना पड़ेगा तभी जंगलों को अगलगी से बचाया जा सकता है।

### प्रो कृष्ण मुरारी को सेवानिवृत्त होने पर दी गयी विदाई

**सिन्दरी।** बीआईटी सिन्दरी के सिविल इंजीनियरिंग के सभागृह में सिविल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर डॉ कृष्ण मुरारी के सेवानिवृत्त होने पर बुधवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में निदेशक डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह ने माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ कृष्णा मुरारी ने बीआईटी सिन्दरी में व्यतीत किए गए समय की चर्चा करते हुए अपना अनुभव साझा किया। विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ विक्रमा पाण्डेय ने अंगवस्त्र, विभागाध्यक्ष डॉ जीतू कुजूर ने बुके व डॉ रणविजय सिंह द्वारा उत्कृष्ट सेवा के लिए मोमेंटो प्रदान किया गया। विभाग के अन्य शिक्षकों व कर्मचारियों ने अपना उदगार व्यक्त किया। डॉ माया राज नारायण राय व कार्यक्रम संचालनकर्ता प्रो प्रशांत रंजन मालवीय एवं विभाग के स्नातक के विद्यार्थियों ने उनका अभिवादन किया।

### तेज रफ्तार इंडिका की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**झरिया।** झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग पर लोदना मोड़ खटाल के समीप बुधवार को लगभग 11 बजे तेज रफ्तार इंडिका कार (संख्या जेएच10 एटी 4809) की चपेट में आकर एक 65 वर्षीय महिला की मौत हो गयी। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बनियाहीर इंदिरा बस्ती निवासी (65 वर्ष) सोनामणि भोक्ति लोदना मोड़ के समीप भीख मांगकर गुजर बसर करती थी। आज सुबह भी प्रतिदिन की तरह वह लोदना मोड़ के समीप खड़ी थी। तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार इंडिका कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना के दौरान भारी आवाज हुई, जिसे सुन कर आसपास के लोग दौड़े, परंतु तब तक चालक कार छोड़कर फरार हो चुका था। स्थानीय लोगों ने झरिया पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची व शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमसीएच भेज दिया। पुलिस इंडिका कार को जब्त कर थाना ले गयी।

### मंदिरों में चोरी की बढ़ती घटनाओं पर जताई चिंता

**बोकारो।** झारखंड पीपुल्स पार्टी के बोकारो जिला अध्यक्ष अशोक अग्रवाल आजाद ने बोकारो के डीसी व एसपी को पत्र लिखकर तुपकाडीह व आसपास के इलाके में स्थित मंदिरों में चोरी की घटनाओं पर चिन्ता जताई है। श्री आजाद ने बताया कि तुपकाडीह स्टेशन रोड दुर्गा मंदिर सहित मानगो और पिछड़ी में मंदिरों में चोरों ने आतंक मचा रखा है। हाल में दिन के समय ही मंदिरों के गेट और अंदर रखे संदूकों को तोड़कर सामग्रियों की चोरी की गई है। इस संदर्भ में स्टेशन रोड तुपकाडीह स्थित दुर्गा मंदिर के अध्यक्ष राजू महतो ने पुलिस से लिखित शिकायत भी की है। उन्होंने पत्र में यह आशंका भी जताई है कि संभवतः असामाजिक तत्वों द्वारा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के उद्देश्य से एक सोची समझी साजिश के तहत मंदिरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है जो घोर निंदनीय है।

**जिला शिक्षा अधीक्षक, गुमला**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार राँची के निदेशानुसार एतद् द्वारा इच्छुक भारवाहक वाहन यथा पीकअप, 207, 407, मिनी ट्रक, ट्रेक्टर, टेलर सहित के मालिकों को सूचीत किया जाता है कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अन्तर्गत जिले के प्रखण्डस्तरीय गोदाम से विद्यालयों तक स्कूल स्टेप डिलीवरी के माध्यम् से चावल पहुँचाने हेतु स्वतंत्र एजेन्सी के चयन के लिए मुहरबंद अल्पकालीन निविदाऐं प्रकाशन की तिथि से 28.04.2023 के अपराह्न 1:00 बजे तक जिला शिक्षा अधीक्षक, कार्यालय गुमला में प्राप्त किया जायेगा तथा उसी तिथि को अपराह्न 3:00 बजे उप विकास आयुक्त, गुमला के कार्यालय प्रकोष्ठ में निविदाऐं खोली जायेंगी। निविदा की विस्तृत शर्तें एवं निविदा का नमूना जिले के अधिकारिक वेबसाईट https://gumla.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है।

अतः इच्छुक वाहन मालिक से निर्धारित समय सीमा के अंदर निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

जिला शिक्षा अधीक्षक गुमला

PR 295025 Jharkhand Education Project Council (23-24)_D

**कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, पलामू**
**(डी०आर०डी०ए०)**
**Phone No. 06562-295264 E-mail - ddc-pal@nic.in**

पत्रांक ............../डी०आर०डी०ए०, दिनांक..............

**अतिअल्पकालीन निविदा**

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, पलामू के कार्यालय में उपयोग हेतु आवश्यक सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/फर्म से अतिअल्पकालीन निविदा आंमत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता सीलबंद दो अलग-अलग लिफाफा में तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड संबंधित कागजात दिनांक-19.04.2023 को अपराह्न 01:00 बजे तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, पलामू के कार्यालय में जमा कर सकते है। प्राप्त निविदा को दिनांक-19.04.2023 को अपराह्न 03:00 बजे निविदा-सह-क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा। निविदा से संबंधित शर्तें, सामग्रियों की सूची एवं विशिष्टियों का अवलोकन पलामू जिला के वेबसाईट https://palamu.nic.in अथवा कार्यालय से किया जा सकता है।

ह0/-
उप विकास आयुक्त, पलामू

PR 295013 Rural Development (23-24)_D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा।**

**आवश्यक सूचना।**
**(लापता मुन्ना कुमार पासवान, उम्र- 28 वर्ष)**



मेराल थाना दैनिकी सनहा सं0- 18/2023, दिनांक-06.04.2023 में लापता मुन्ना कुमार पासवान, उम्र- 28 वर्ष पिता- कृष्णा पासवान, सा0- रजबंधा, पो0- बंका, थाना-मेराल, जिला-गढ़वा, राज्य-झारखण्ड, के रहने वाला है। जो दिनांक- 27.03.2023 को अपने घर से लापता है। उक्त लापता पुरूष का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता मुन्ना कुमार पासवान, उम्र- 28 वर्ष के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0-9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0- 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:-
रंग- गोरा, लम्बाई-05 फीट,
पहनावा- लाल कमिज, कमर में साल लपेटा हुआ।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 294963 (Police) 23-24 (D)

# सरकार के आदेशों का बिजली विभाग उड़ा रहा है खिल्ली : इफ्तेखार

खबर मन्त्र संवाददाता




**बेरमो।** जन शिकायतों का निष्पादन करने, घरेलू उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली देने के सरकार की घोषणा को लागू करने के मामले में झारखंड राज्य विद्युत वितरण निगम लिमिटेड का प्रबंधन तत्पर नहीं है। प्रेस वार्ता में उपर्युक्त आरोप कि पुष्टि करते हुए भाकपा राजद जन अभियान के संयोजक इफ्तेखार महमूद एवं अरुण यादव ने कहा कि गोमिया के बेंदी (सीधाबारा) निवासी मंगरी देवी (कंज्यूमर नंबर बीएनडी 0046) का 11 जनवरी 23 को बिजली लाइन काट दी गई, जबकि मगरी देवी के पास बिजली बिल बकाया नहीं है। इसकी शिकायत देते हुए रि-कनेक्शन के लिए विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के पदाधिकारियों को कई बार कहा गया, 7 मार्च को धनबाद एरिया के महाप्रबंधक से भी उक्त मंगरी देवी के संबंध में बातचीत हुई किंतु खेद है कि 3 महीना बीतने के बाद भी रि-कनेक्शन नहीं किया गया। उल्लेखनीय है कि मंगरी देवी से जेबीवीएनएल बिजली बिल के मद में ओवरपेमेंट ले लिया है।

श्री महमूद ने कहा कि कसमार के सिंगपुर, मंजुरा, बगियारी का मेंन लाइन बिल्कुल जर्जर है और तार का ढीला होने के कारण कई बार मेन लाइन में आग लग चुकी है। इसी तरह पेटरवार के मांझी टोला पतकी, गोमिया के इस्लाम टोला, करमाटांड़, जौवाबेडा, बीडीओ रोड, मस्जिद मोहल्ला, आइईएल बाजार का मेन लाइन एवं पोल बिल्कुल जर्जर/खतरनाक है किंतु उपभोक्ताओं के बार-बार के शिकायत के बाद भी बिजली निगम मामले के निष्पादन में गंभीर नहीं हैं। श्री महमूद ने बताया कि सौ यूनिट मुफ्त बिजली देने का संकल्प ऊर्जा विभाग के द्वारा 27 जुलाई 2022 को जारी किया गया है। इस संकल्प के अनुसार डीएस-वन (ए), डीएस वन (बी) तथा डीएस (यू) टैरिफ के उपभोक्ताओं को बिजली बिल से मुक्त कर दिया गया है किंतु ऑनलाइन सिस्टम में सुधार नहीं करने के कारण अभी भी ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं से 120 यूनिट के आधार पर बिजली बिल वसूला जा रहा है। खेद है कि जिन उपभोक्ताओं को बीपीएल योजनाओं के अंतर्गत कनेक्शन दिया गया है, उनसे भी बिजली बिल लिया जा रहा है। बागदा (कसमार) के बिजली देवी (कंज्यूमर नंबर-बीपीएलकेएस 8494) का फरवरी 23 मे 81 यूनिट तथा मार्च में 83 यूनिट बिजली खपत है।संकल्प के अनुसार बिजली देवी को मुफ्त बिजली का लाभ मिलना है। किंतु 217 का बिजली बिल बिजली देवी को दे दिया गया है। स्पष्ट है कि घोषणा के 8 माह बाद भी 100 यूनिट मुफ्त बिजल का लाभ ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता को नहीं मिल रहा है और बिजली निगम मुफ्त बिजली देने के मामले में संवेदनशील भी नहीं है।

जनता के पास आंदोलन करने की लाचारी हो गई है। 30 अप्रैल तक ऊर्जा विभाग के उक्त संकल्प को पूर्णता लागू नहीं किया जाता है और जन शिकायतों का निराकरण नहीं होता है तो मई के दूसरे सप्ताह में बेरमो अनुमंडल बंद का आयोजन किया जायेगा। राजद के बेरमो प्रखंड अध्यक्ष नरेश कुमार यादव, भाकपा के गोमिया अंचल सहायक सचिव देवानंद प्रजापति, जिला परिषद सदस्य खुर्शीद आलम, आदिवासी महासभा के जिला सचिव बीरालाल किस्कू ने भी प्रेस वार्ता में भाग लिया।

## स्पीड न्यूज

### डीसी ने किया इवीएम वज्रगृह का निरीक्षण



**लोहरदगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने बुधवार को ईवीएम वज्रगृह 72-लोहरदगा (अजजा) विधानसभा क्षेत्र, लोहरदगा) का मासिक निरीक्षण किया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, निर्वाचन कर्मी, कोषागार के कर्मी भी थे।

### कोरोना की फिर दस्तक, मिल रहे मरीज

**कुडू/ लोहरदगा।** प्रखंड में कोरोना ने एक बार फिर दस्तक दे दी है। मंगलवार को कोरोना के नये मरीज मिले हैं। मरीज एक 12 वर्षीय बच्चा है। लगातार एक हफ्ते से कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जांच के दौरान रोज एक-दो कोरोना पॉजिटिव के मामले आ रहे हैं जिसके बाद पूरी तरह से सतर्कता बरती जा रही है। अस्पताल में मास्क व एक दूसरे से दूरी बनाई जा रही है। आने वाले मरीजों की कोरोना जांच की जा रही है।

### कामकाजी महिलाओं के लिए चलाया जायेगा सखी निवास छात्रावास

**गुमला।** उपायुक्त के निर्देश पर मिशन शक्ति योजना अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु जिले में कामकाजी महिलाओं के लिए अति शीघ्र सखी निवास छात्रावास का संचालन किया जायेगा। महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा जारी मार्ग निर्देशिका के आलोक में इस हेतु गैर सरकारी संस्थाओं से 25 अप्रैल तक इच्छा की अभिव्यक्ति के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित किये गये हैं। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी गुमला ने जानकारी दी कि दोनों केंद्रों के संचालन हेतु सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण हो चुकी है। मई के पहले हफ्ते से दोनों केंद्र शुरू होने की संभावना है।

### विक्षिप्त व्यक्तियों के पुनर्वास की मांग

**गुमला।** मिशन बदलाव के सदस्यों ने बुधवार को एसडीओ कार्यालय में ज्ञापन सौंप मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्तियों के पुनर्वास की मांग की। मिशन बदलाव के जिला सचिव सैयदा खातून और नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा ने कहा कि गुमला जिला में मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला-पुरुष गुमला में घूमते रहते हैं। महिलाओं की सुरक्षा के लिए आवश्यक है कि उनका पुनर्वास किया जायं। मिशन बदलाव प्रतिनिधिमंडल ने मांग की है कि ऐसे मामलों के लिये जिला स्तरीय समिति गठित हो। जिससे ऐसे लोगों की समस्या का समाधान किया जा सके।

### फूड लाइसेंस : चैनपुर में लगा शिविर



**चैनपुर।** प्रखंड मुख्यालय के ब्लॉक परिसर स्थित सभागार में फूड लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी लव कूमार ने बताया कि प्रखंड के सभी वैसे दुकान जिसमें खाद्य सामग्री की बिक्री होती है। वैसे दुकानदारों को फूड लाइसेंस बनवाना अनिवार्य है। लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया में ठेले खोमचे वालों को अपना आधार कार्ड एवं एक फोटो के साथ 100 रुपये ऑनलाइन जमा करना होगा। वहीं जिस दुकान की प्रत्येक दिन 3000 रूप से उपर बिक्री होती है वैसे दुकानदारों को जरूरी कागजात के साथ सौ रुपये का रजिस्ट्रेशन शुल्क के साथ लाईसेंस के लिए 2000 रुपये जमा करना होगा। उन्होंने प्रखंड के सभी वैसे दुकानदार जो खाद्य सामग्री एवं होटल चलाते हैं, वो जल्द से जल्द चैनपुर अनुमंडल कार्यालय परिसर में आकर अपना फूड सेफ्टी लाईसेंस बनवा सकते हैं। वहीं बिना फूड लाइसेंस के दुकान चलाने पर अगर छापेमारी के दौरान पकड़े जाते है तो उनके उपर पांच लाख रुपये के जुर्माना या छह महीने की जेल हो सकती है। इस मौके पर अनुमंडल आपरेटर बिक्की साहु सहित कई लोग मौजूद थे।

### खड़िया पाड़ा के कबाड़ी गोदाम में लगी आग, लाखों के कबाड़ जलकर राख



**गुमला।** गुमला शहरी क्षेत्र के खड़िया पाड़ा ढोढहा नदी के पास मो करीम उर्फ कल्लू के कबाड़ी गोदाम में मंगलवार की देर रात भीषण आग लग गयी। इस घटना में लाखों रूपये के कबाड़ जलकर राख हो गया। हालांकि आग लगने के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों ने कबाड़ी गोदाम से धुआं निकलते देख उसकी सूचना करीम को दी। जिसके बाद अग्निशमन विभाग को सूचना दी गयी। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग के वाहन पहुंचे और घंटों के मशक्त के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं आग की भयंकर पलटें उठते देख स्थानीय लोगों का जमावडा लग गया। कबाड़ी दुकान पर रखें पेपर, प्लास्टिक की बोतल, कार्टून समेत कई अन्य सामान जलकर पूरी तरह से खाक हो गयी।

### जिला समेकित विकास अभिकरण से कार्यान्वित योजनाओं की हुई समीक्षा

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में जिला समेकित जनजाति विकास अभिकरण अंतर्गत कार्यान्वित योजनाओं की मासिक समीक्षात्मक बैठक की गयी। बैठक में छात्रवृत्ति, प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना, साइकिल वितरण योजना आदि से संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम अंतर्गत कुल 1162 सोक पिट का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जिसपर उपायुक्त ने बचे हुए कार्यों को भी जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने डुमरी प्रखंड अंतर्गत सभी 22 ग्रामों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दोना पत्तल की मशीन, बैंबू मशीन , महुआ एवं लेमन ग्रास की तेल निकालने की मशीन का वितरण करने का निर्देश दिया। जिसकी सफलता को देखते हुए अन्य प्रखंडों के आदि आदर्श ग्रामों में भी वितरण किया जाएगा। साथ ही उपायुक्त ने डुमरी में जलापूर्ति योजना के कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिले के 37 सरकारी विद्यालयों में ओपन जिम निर्माण किया जायेगा। साथ ही उन सभी स्कूलों जहां पर बाउंड्री निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है या होने वाला है उन विद्यालयों में ओपन जिम बनाने पर चर्चा की गई। स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत अब इस वित्तीय वर्ष 28 लाभुको को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। जिसपर उपायुक्त ने और भी अधिक से अधिक लोगों को योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले के सभी टाना भगत परिवारों की सूची प्राप्त करते हुए उन्हें इस योजना का लाभ देने की भी बात कही।

## गुमला उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में हुई शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक, बोले

# आइसीटी लैब, साइंस लैब और स्मार्ट क्लासेस से शिक्षा को बनायें रुचिकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में बुधवार को जिला शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में केजीबीवी, एफएलएन, नव साक्षरता भारत अभियान एवं मध्याह्न भोजन से संबंधित स्टेयरिंग एवं मॉनिटरिंग कमेटी की समीक्षा की गयी। जिसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं शिक्षा विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

जिले में विभिन्न प्रखंडों के सरकारी विद्यालयों में अब तक कुल 56 स्मार्ट क्लासेस का इंस्टालेशन करवाया जा चुका है। इसके साथ ही विभिन्न प्रखंडों के विद्यालयों में कुल 79 आईसीटी लैब का अधिष्ठापन किया जा चुका है। उपायुक्त ने इन सभी लैब की वर्तमान कार्यात्मक स्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए उन्होंने सभी आईसीटी लैब एवं स्मार्ट क्लासेस को प्रति दिन कम से कम 8 घंटे के हिसाब से बच्चों को क्लास वाइज रोस्टर बनाते हुए पढ़ाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि स्मार्ट क्लासेस तथा आईसीटी लैब का मुख्य उद्देश्य बच्चों का टेक्नोलॉजी की सहायता से पढ़ाई के प्रति रुचि को जागृत करना है। उपायुक्त ने कहा कि आईसीटी लैब में प्रत्येक दिन बच्चों को सामान्य कंप्यूटर कोर्सेस के अलावा उन्हें टाइपिंग भी सिखायें।



बैठक में निर्देश देते उपायुक्त सुशांत गौरव।

वहीं स्मार्ट क्लास में प्रत्येक क्लास के बच्चों को प्रति दिन कम से कम एक घंटा प्रोजेक्टर के माध्यम से कॉन्सेप्ट को समझाये अथवा ज्ञानवर्धी वीडियो को दिखाते हुए बच्चों को प्रशिक्षित करें। वहीं जिन विद्यालयों में साइंस लैब है वहां की केमिकल को भी एक्सपायरी डेट से पहले बदलने का निर्देश दिया। उन्होंने साइंस लैब का अच्छे से इस्तेमाल करने की बात कही।

### बच्चों को एक्सपेरिमेंट के लिए गाइड करें शिक्षक

बच्चों के प्रैक्टिकल क्लासेस नियमित रूप से करने एवं उन्हें साइंस लैब के प्रति रुचि को जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही बच्चों को एक्सपेरिमेंट करने हेतु भी शिक्षकों द्वारा गाइड करने की बात कही। केजीवीपी विद्यालय के संचालन एवं बच्चों के एडमिशन को लेकर उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में साप्ताहिक रूप से संबंधित अधिकारी एवं कर्मियों के साथ बैठक करते हुए त्रुटियों में सुधार करने की दिशा में मॉनिटर करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने सभी सरकारी विद्यालयों में बच्चों की लंबाई मापने हेतु दीवार में पेंटिंग करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बीआरसी एवं सीआरसी को कड़े रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि अगले एक सप्ताह के अंदर सभी बीआरसी एवं सीआरसी अपने अपने क्षेत्र के विद्यालयों में जियो टैगिंग के साथ ऊंचाई मापक की पेंटिंग के समक्ष खड़े होकर फोटो के साथ रिपोर्ट भेजना सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक विद्यालय में सहजन एवं कड़ी पत्ता के उपयोग प्रति दिन के भोजन में हो रहा है की नहीं एवं मेनू कार्ड की पेंटिंग रसोई घर के बाहर हो इसका भी रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। जो भी बीआरसी एवं सीआरसी एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट नहीं देंगे उनपर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## गुमला उपायुक्त ने किया स्थल निरीक्षण, दिये जरूरी निर्देश

# जल्द बनेगा एथलेटिक्स और जिला स्तरीय फुटबॉल मैदान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** चंदाली पुलिस लाइन एवं निर्माणाधीन कलेक्ट्रेट भवन के बीच 547 फीट खाली जमीन को इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स ग्राउंड में परिवर्तित करने के उद्देश्य से बुधवार को उपायुक्त सुशांत गौरव ने उक्त जमीन का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों के उपस्थिति में 6 लेन ट्रैक के साथ फुटबॉल ग्राउंड बनाये जाने पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।



चंदाली में खाली जमीन के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते डीसी सुशांत गौरव।

उसी स्थान में खिलाड़ियों के लिए हॉस्टल भी बनेगा। उपायुक्त ने उक्त जमीन का जायजा लेते हुए वहां की सभी मूलभूत सुविधाओं को भी ध्यान में रखते हुए प्रोजेक्ट तैयार करने की बात कही। उन्होंने अगले 24 घंटे के अंदर खेल मैदान बनाने हेतु डिजाइन तैयार करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने पूरे जमीन के एक एक भाग के उपयोग करने की भी बात कही। उन्होंने पेय जल, शौचालय, चेंजिंग रूम, पानी निकासी के स्थान आदि के निर्माण पर भी चर्चा की। खेल मैदान में फुटबॉल एवं एथलेटिक्स के खिलाड़ियों के लिए तैयार किया जायेगा। गुमला जिला खिलाड़ियों की नगरी है। जहां से कई खिलाड़ियों ने अपना नाम राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बनाया है। खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्द्धा को देखते हुए उपायुक्त ने बेहतरीन गुणवत्ता वाले खेल मैदान तैयार करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया।

# जमशेदपुर घटना और प्रशासन की कार्रवाई के खिलाफ हिंदू समाज में जबरदस्त आक्रोश

- राज्यपाल के नाम भंडरा बीडीओ को सौपा मांग पत्र
- बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने फूंका सरकार का पुतला
- हनुमान मंदिर चौक पर असामाजिक तत्वों ने किया था धर्म विरोधी कार्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** जमशेदपुर कदमा थाना क्षेत्र अंतर्गत शास्त्री नगर में जटाधारी हनुमान मंदिर चौक पर असामाजिक तत्वों द्वारा धर्म विरोधी कार्य किये जाने के खिलाफ हिंदू समुदाय में जबरदस्त रोष है। इस घटना को लेकर असामाजिक तत्वों में सरकार द्वारा कार्रवाई नहीं करने कि मामला को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा भंडरा में झारखंड सरकार के पुतला दहन किया गया।



बीडीओ को ज्ञापन सौंपते लोग।

इसी घटना पर उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग एवं निर्दोष पर कार्रवाई नहीं करने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं के द्वारा राज्यपाल के नाम भंडरा बीडीओ को ज्ञापन सौंपा गया। इस क्रम में राजेंद्र प्रसाद साहू, रामवृक्ष साहू, उमेश साहू मनोज साहू, राजू साहू, आनंद कुमार दुबे, लाल भीमनाथ साहदेव, राजेश साहू सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा।

# नौकरी के नाम पर युवाओं से लाखों रुपये की ठगी

- मजदूर संघ को आवेदन देकर युवाओं ने लगायी न्याय की गुहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत नौकरी दिलाने के नाम पर डुमरी प्रखंड के आठ मजदूर तबके के लोगों से लाखों रुपये ठगी किया गया है। इस संबंध में थाना में भी लिखित शिकायत किये जाने के बाद भी ठगी करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। अब ठगी के शिकार युवाओं ने मजदूर संघ सीएफटीयुआई झारखंड प्रदेश व गुमला जिला महिला जिलाध्यक्ष सह प्रभारी-सुनीता कुमारी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। युवाओं ने बताया कि वे



जमीन, पशु व अन्य समान बेचकर नौकरी के नाम पर लगभग 1,97000 रूपया डुमरी के ठग पति पत्नी को दिया था। डुमरी के रहने वाली फुलमित कुजूर पति संजु कुजूर ने कुछ युवाओं को फर्जी ज्वाइनिंग लेटर भी दिया था।

# लोहरदगा : इको टूरिज्म को लेकर उपायुक्त ने की बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में वन क्षेत्र के इको टूरिज्म को लेकर बैठक की गई। बैठक में लावापानी जलप्रपात, धरधरिया जलप्रपात, चूल्हा पानी दामोदर के उद्गम स्थल तथा 27 नंबर ब्रिज जाने वाले पहुंच पथों की स्थिति की जानकारी ली गयी। उक्त पर्यटन स्थलों के पहुंच पथ एवं दूरी का आकलन कर आवश्यक कार्य हेतु वस्तु स्थिति से अवगत कराने का निर्देश कार्यपालक अभियंता आरआइओ को दिया गया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरबिंद कुमार, नारायण राम सहित अन्य उपस्थित थे।

### लोहरदगा : डीसी ने किया बीआरसी का निरीक्षण

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने प्रखंड संसाधन केंद्र लोहरदगा सदर का निरीक्षण किया। प्रखंड संसाधन केंद्र की स्थिति को देख प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से प्रखंड संसाधन केंद्र की उपयोगिता के संबंध में जानकारी ली। प्रखंड संसाधन केंद्र लोहरदगा की मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। मौके पर नारायण राम, बीइइओ और बीआरसी कर्मी भी उपस्थित थे।

### भंडरा थाने से महज आधा किमी की दूरी पर लूट

**भंडरा।** भंडरा थाना से आधा किलोमीटर की दूरी पर अखिलेश्वर धाम के पास हथियारबंद अपराधियों ने कसपुर नवाटोली निवासी प्रभु उरांव से 12 हजार रुपये की लूट पिस्टल एवं चाकू दिखाकर अज्ञात अपराधियों ने कर ली। घटना को अंजाम देकर अपराधी अखिलेश्वर तालाब की ओर भाग गये। कसपुर नवाटोली के प्रभु उरांव पिता स्व उदय उरांव भंडरा बाजार में किराना दुकान लगाता है। बीती देर रात बाजार से वापस लौटने के क्रम में लुटेरों ने घटना को अंजाम दिया। उसके पास 12 हजार रुपये थे। घटना के बाद अपराधियों ने प्रभु उरांव को घटना की जानकारी पुलिस को नहीं देने की चेतावनी देते हुए कहा कि जानकारी देने पर अंजाम खतरनाक होगा। अपराधियों के भय से प्रभु राम घटना की जानकारी पुलिस को नहीं दी। प्रभु उरांव को आबादी वाले जगह पर लूट लिये जाने की घटना की चर्चा भंडरा में सरेआम हो रही है।

### आश्रम स्कूल सिसई के पीछे से शव बरामद

**सिसई।** सिसई पुलिस ने युवक (22) का शव सिसई थाना क्षेत्र के कुम्हार मोड़ आश्रम स्कूल के पीछे से बरामद किया है। युवक की गला रेत कर हत्या कर शव को स्कूल के पीछे फेंक दिया गया। मृतक की पहचान नहीं हो पायी है। पुलिस पहचान कराने में जुटी है। सिसई थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी ने प्रखंड वासियों से शव की पहचान करने में सहयारेग की अपील की है। शव देखना से प्रतीत हो रहा है कि मारने वाला काफी क्रूरता का परिचय दिया है।

### लापरवाह लोगों पर होगा सर्टिफिकेट केस : बीडीओ

**कैरो।** बीडीओ पवन कुमार महतो ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के वैसे लाभुक जिन्हें बार बार सूचना देने व जागरूकता को लेकर प्रखंड प्रसासन द्वारा लगातार प्रयास करने के बावजूद जो लाभुक राशि का उठाव भी कर चुके हैं किंतु आवास का कार्य मे रुचि नही ले रहे है वैसे लाभुकों में रामदास मिंज, बाधि, जोगा उरांव, शनि उरांव दोनों हुदू अवधेश साहू व सतदेव महली दोनों खरता व चंद्रिका साह चरिमा के ऊपर सर्टिफिकेट केश दर्ज करने को लेकर विधि शाखा को पत्राचार कर दिया गया है। बीडीओ पवन कुमार ने बताया कि लाभुकों को प्रखंड प्रशासन द्वारा हर तरह से मदद की जाती है साथ ही साथ बड़े पैमाने पर प्रखंड कर्मी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य लोग व ग्रामीणों की उपस्थिति में कई दिनों तक जागरूकता अभियान भी चलाया गया, किन्तु कुछ लाभुक ऐसे हैं जिन्हें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता और इसका खामियाजा एक तरह से सरकारी व आम जनता दोनों को उठाना पड़ता है।

# अपनी सभ्यता-संस्कृति को संजो कर रखना जरूरीः प्रदुमन उरांव

- सरना प्रार्थना सभा के बैनर तले बेलागड़ा गांव में मना सरहुल महोत्सव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के बेलागडा गांव में सरना प्रार्थना सभा के बैनर तले सरहुल पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पहान पुजार द्वारा पूजा पाठ कर कराया गया। जिसके बाद गांव में शोभायात्रा निकाला गया। जिसमें 120 खोड़हा दल पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित सरना प्रार्थना सभा के संरक्षक प्रदुमन उरांव ने कहा कि हमें अपनी परंपरा सभ्यता और संस्कृति को संजोग के रखना है। बिशनपुर विधानसभा विधायक प्रतिनिधि संजय उरांव ने कहा कि पूर्वजों के द्वारा जो हमें धरोहर के रूप में हमारी संस्कृति सभ्यता जल जंगल जमीन मिली है।

### मरीज की जीवन रक्षा के लिए किया रक्तदान

**गुमला।** सदर अस्पताल गुमला परिसर स्थित ब्लड बैंक में बजरंग दल गुमला के सक्रिय कार्यकर्ता हर्ष जायसवाल ने बुधवार काक बी पॉजिटिव ब्लड डोनेशन कर अस्पताल में इलाजरत मरीज कामेश्वर केरकेट्टा की जान बचायी। हर्ष जायसवाल ने बताया कि वह छठी बार रक्तदान किया है और रक्तदान कर जरूरतमंद मरीज को सहायता कर बहुत अच्छा महसूस कर रहा है। मौके पर विकास राम, यशराज सिंह, लैब टेक्नीशियन संगीता कुमारी, रोहित खंडेलवाल मीडिया प्रभारी उपस्थित थे।

# इसरो युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम के लिए डीएवी की ताशा झा का चयन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- प्रबुद्ध जनों और विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने दी बधाई



**गुमला।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) स्कूली बच्चों के लिए युविका नामक एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इस युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम में अंतरिक्ष विज्ञान, अंतरिक्ष विज्ञान में उभरते रुझानों, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष अनुप्रयोगों पर छात्रों को बुनियादी ज्ञान दिया जायेगा। देश के विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की उभरती हुई प्रतिभाओं को उकेरने के लिए केंद्र सरकार द्वारा युवा विज्ञानी कार्यक्रम का आयोजन प्रति वर्ष प्रतियोगिता के माध्यम से किया जाता है। इस वर्ष भी इसकी प्रक्रिया 15 मार्च से शुरू हो गई थी। जिसमें देश भर से लाखों विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। गर्व की बात है कि डीएवी गुमला के कक्षा दशम की छात्र ताशा झा का इसरो युवा विज्ञानी कार्यक्रम के लिए चयन किया गया है।

# लाठीचार्ज के खिलाफ भाजपा ने मनाया काला दिवस, सीएम का पुतला भी फूंका

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** रांची में भाजपा के द्वारा झारखंड सरकार की विफलता को लेकर सचिवालय घेराव के दौरान हुए लाठी चार्ज के खिलाफ बुधवार को गुमला जिला भाजपा के द्वारा काला दिवस मनाते हुए स्थानीय टावर चौक पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया।

भाजपा कार्यालय से कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में टावर चौक पहुंचे और जमकर हेमंत सोरेने के नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की और पुतला फूंका। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप



मुख्यमंत्री का पुतला फूंकते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

चंद्र अधिकारी ने कहा कि सरकार तनशाही पर उतर गई है। शांति पूर्ण प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज कर सरकार ने अपनी गलत नीतियों को प्रदर्शित किया है। श्री अधिकारी ने कहा कि झारखंड में महागठबंधन की बेमेल सरकार ने भ्रष्टाचार के सभी रिकार्ड तोड़ दिये हैं। वहीं हेमंत सोरेन की सरकार में बालात्कार जैसी घटनाओं में इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य से वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंकने तक भाजपा आंदोलन करेगी। राज्य के लोगों को उनका अधिकार दिलाने के लिए भाजपा आंदोलनरत रहेगी।

### ये भी थे उपस्थित

पुतला दहन कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अनुपचंद्र अधिकारी, किरणमाला बाड़ा, भूपन साहू, दामोदर कसेरा, मंगल सिंह भोगता, सत्यनारायण पटेल, रबिन्द्र सिन्हा, राधेशय्म कुशवाहा, भोला चौधरी, संयुक्ता देवी, दिनेश्वर साहू, निर्मल गोयल, संदीप प्रसाद, संजय गुप्ता, विपिन सिंह, किशोर मिश्रा, विकास सिंह, राजेश सिंह, राजेश गुप्ता, संजीव साहू, पायल तिवारी, गीता मिश्रा, गुड्डी नंदा, मीरा यादव, ज्योति कुमारी, प्रतिमा देवी, भीखेश्वर नागमणि, शंभु सिंह, संतोष सिंह, शैल मिश्रा, रामावतार भगत, कंचन सिंह, संजय कुमार साहू, लक्ष्मीकांत बड़ाईक, सुषमा गुप्ता, बलकेश्वर सिंह सहित काफी भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जमशेदपुर की घटना को लेकर विहिप ने लोहरदगा में पुतला फूंका

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा झारखंड सरकार का पुतला दहन का कार्यक्रम बरवा टोली चौक में किया गया। जमशेदपुर में कदमा के मंदिर में प्रतिबंधित मांस को महावीर ध्वज में बांधकर लटकाने के विरोध में झारखंड सरकार का पुतला दहन कर रोष जताया गया।

विश्व हिंदू परिषद के नगर उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि जमशेदपुर में जिस तरह जिहादियों ने आतंक मचा रखा है उसे झारखंड सरकार बढ़ावा दे रही है। बजरंग दल के जिला संयोजक सचिन कुमार साहू ने कहा कि आये दिन झारखंड में जिस तरह से घटनाएं



पुतला दहन करते लोग।

हो रही है इससे साफ जाहिर होता है कि यहां की सरकार बहुत ही गहरी नींद में सोई हुई है। उन्होंने सरकार से अविलंब ऐसे दुष्ट लोगों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। मौके पर प्रमोद प्रजापति, देवाशीष अग्रवाल, बजरंग दल नगर सहसंयोजक रितिक वर्मा, दीपक साहू, हसमुख रंजन, प्रशांत कुमार, दीपक कुमार, सत्यम कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# व्यक्ति की नहीं, कार्यों की होती है पूछ : मंत्री

## पूर्व मुखिया अपने समर्थकों के साथ झामुमो में शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा प्रखण्ड अंतर्गत संग्रहे पंचायत के पूर्व मुखिया मुजम्मिल अंसारी अपने समर्थकों के साथ झामुमो में शामिल हो गए। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथलेश कुमार ठाकुर के कार्यों से प्रभावित होकर सभी ने झारखण्ड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। बुधवार को गढ़वा स्थित मंत्री श्री ठाकुर के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। मंत्री ने सभी को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत करते हुए पार्टी में शामिल कराया। पूर्व मुखिया मुजम्मिल अंसारी ने कहा कि मंत्री श्री ठाकुर एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गढ़वा सहित पूरे झारखंड में काफी बेहतर विकास कार्य हो रहा है। झारखंड के इतिहास में अब महसूस हो रहा है कि राज्य में झारखंडी जनमानस की सरकार बनी है। जिससे समाज के सभी वर्गों के लोगों को विकास का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मंत्री श्री ठाकुर के कार्यकाल में गढ़वा में जितना तेज गति से काफी बेहतर विकास कार्य हो रहा है, आज तक के इतिहास में ऐसा विकास कार्य नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि मंत्री श्री ठाकुर किसी जात की नहीं बल्कि जमात की राजनीति करते हैं। इन्हीं



माला पहनाकर पार्टी में शामिल कराते मंत्री।

सब कार्यों से प्रभावित होकर वे लोग पार्टी में शामिल हुए हैं। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज पूरे राज्य में हेमंत सरकार द्वारा किए जा रहे हैं विकास कार्य में प्रभावित होकर काफी संख्या में लोग अन्य दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो रहे हैं। सभी लोगों का झामुमो की ओर झुकाव इस बात को साबित करता है कि गढ़वा सहित पूरे राज्य में सभी क्षेत्रों में बेहतर विकास कार्य हो रहा है। विकास कार्यों से सभी लोग लाभान्वित हो रहे हैं। मंत्री ने कहा कि जनता जागरुक हो चुकी है। पहले की तरह नेता अब जनता को बेवकूफ नहीं बना सकते हैं।

मंत्री ने कहा किसी व्यक्ति की नहीं बल्कि उसके कार्यों की पूछ होती है। यही कारण है कि आज गढ़वा सहित पूरे राज्य में सभी लोगों का झामुमो की ओर रुझान है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से जनता का प्यार एवं आशीर्वाद मिल रहा है, आने वाले समय में पूरा गढ़वा झामुमोमय हो जाएगा। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, फुजैल अहमद, मदनी खान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### आरोग्यम फार्मेसी कॉलेज में चला जागरूकता अभियान

**गढ़वा।** जिला परिवहन पदाधिकारी गढ़वा के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा बुधवार को शहर के आरोग्यम फार्मेसी कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान में पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों को बताया कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है। मौके पर जिला सड़क सुरक्षा मैनेजर संजय बैठा, नीरज पांडेय आदि लोग उपस्थित थे।

### सेविका व सहायिका मनमाने ढंग से चला रही हैं आंगनबाड़ी केंद्र

**भवनाथपुर।** प्रखण्ड क्षेत्र में पर्यवेक्षिका की लापरवाही के कारण आंगनबाड़ी केंद्र को सेविका सरस्वती देवी एवं सहायिका पुनिया देवी के द्वारा मनमाने ढंग से चलाया जा रहा है। प्रखण्ड के कैलान पंचायत के मंगरदह आंगनबाड़ी केंद्र कागजो पर पिछले दो साल से चल रहा है। ग्रामीणों ने सेविका के सामने हीं आंगनबाड़ी केंद्र की पोल खोल दी। जांचोपरान्त पर्यवेक्षिका एवं सेविका पर कार्रवाई की जाएगी।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो नाबालिग घायल

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बिशुनपुरा-मझिआंव मुख्य सड़क पर ग्राम करूई में मंदिर के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मोटरसाइकिल दुर्घटना में पूरहे निवासी शिवपूजन पासवान के 17 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार एवं सुरेंद्र पासवान के 15 वर्षीय पुत्र विकास कुमार घायल हो गया। दुर्घटना के बाद घायलों को ग्रामीणों की मदद से मझिआंव रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां पर उपस्थित चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। जहां से आशीष कुमार को रेफरल अस्पताल से गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### आंगनबाड़ी में बच्चों के बीच दरी एवं सैनिटाइजर की करायी व्यवस्था

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड के कंद्रपड़ीह रविदास टोला आंगनबाड़ी केंद्र संख्या दो में मुखिया संजय साव के द्वारा बच्चों के बीच बुधवार को दरी एवं सैनिटाइजर का व्यवस्था कराया गया। इस दौरान सेविका उर्मिला देवी, दीपक वर्णवाल, सूरज साव, राजेंद्र साव, अरुण साव, अजय साव, पिंटू साव, नागा साव, अजय यादव कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### दो मोटरसाइकिल की टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चाराडीह तालाब के समीप बुधवार दोपहर करीब 12 बजे दो मोटरसाइकिल की टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार झोलफो निवासी 27 वर्षीय विकाश कुमार सोनी, अशोक सोनी तिलैया से कोडरमा मोटरसाइकिल से आ रहा था। इसी क्रम पीछे से आ रहे मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दिया, जिसमें उक्त युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरे मोटरसाइकिल सवार युवक करियाबर निवासी 20 वर्षीय सोनू कुमार, विजय राणा मामूली रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पीसीआर वैन पुलिस के द्वारा घायल युवकों सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों के द्वारा विकाश कुमार सोनी को प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया।

### जन समस्याओं से रूबरू हुए उपायुक्त, दिया समाधान का आश्वासन

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमे दूर दराज से आये ग्रामीणों ने बारी बारी से अपनी समस्याओं को रखा और आवेदन देकर उपायुक्त से उचित कार्रवाई करने की मांग की। जनता दरबार में आये मामलों को सम्बंधित विभागीय पदाधिकारियों को प्रेषित कर जल्द से जल्द मामले की जांच करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# ट्रक के नीचे दबने से बाल-बाल बचा मैकेनिक



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के झुमरीतिलैया एनएच बाइपास के पास बुधवार को उस वक्त अफरातफरी मच गई जब एक 14 चक्का ट्रक के नीचे काम कर रहा धारो विश्वकर्मा सतगावां निवासी ट्रक के नीचे लगे जैक के खिसक जाने से अचानक दब गया। जिसे कड़ी मशक्कत के बाद मैकेनिक को बाहर निकाला गया। राहत की बात यह रही कि घटनास्थल के आसपास मौजूद दर्जनों लोगों ने मिस्त्री को खड़ी ट्रक के नीचे दबते हुए देख लिया और तुरंत मदद के लिए दौड़ पड़े। दर्जनों लोगों ने दूसरी तरफ झुक रहे ट्रक को अपने-अपने हाथों के बल पर थामे रखा और कड़ी मशक्कत के बाद मैकेनिक को घायल अवस्था में बाहर निकाला गया। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल सदर अस्पताल पहुंचा दिया गया, जहां उसकी स्थिति गम्भीर बनी हुई है।

# चचेरे भाई का हत्यारा गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अरसली दक्षिणी के बघमनवा टोला निवासी मोजीब अंसारी के हत्या के आरोपी उसके चचेरे भाई फिरदौस अंसारी को भवनाथपुर पुलिस ने मंगलवार की शाम श्री बंशीधर नगर-गढ़वा मुख्य मार्ग से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू और आरोपी के खून लगा गंजी को भी बरामद कर लिया है। भवनाथपुर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बुधवार को थाना परिसर में प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के बघमनवा टोला निवासी 24 वर्षीय फिरदौस अंसारी ने अपने चचेरे भाई मोजीब अंसारी को गत पांच अप्रैल को छाती में चाकू मार कर घायल कर दिया था। जहां अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। जिसके बाद



प्रेस कांफ्रेंस करते पुलिस निरीक्षक।

से ही हत्यारोपी फिरदौस फरार चल रहा था। गढ़वा एसपी के निर्देश पर श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी के नेतृत्व में गठित एसआईटी टीम द्वारा मंगलवार को श्री बंशीधर नगर-गढ़वा मुख्य मार्ग से कांड के प्राथमिकी अभियुक्त फिरदौस अंसारी को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि मृतक मोजीब अंसारी का अभियुक्त फिरदौस अंसारी की पत्नी के साथ अवैध संबंध था, जिसे लेकर सामाजिक पंचायत में मोजीब के उपर आर्थिक दंड भी लगाया था। बीते 5 अप्रैल की शाम मोजीब अंसारी और फ़िरदौस अंसारी के बीच हुई लड़ाई झगड़ा के दौरान फिरदौस अंसारी ने उसके छाती में चाकू घोपकर उसकी हत्या कर दी थी। गठित एसआईटी टीम में एसडीपीओ के अलावे थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय, एसआई सहदेव कुमार साह सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

# मिजिल्स, रूबैला के टीका कार्यक्रम का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय माधवाटांड में बुधवार को मिजिल्स, रूबैला का अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख अंजू देवी, उप प्रमुख राज नारायण सिंह, जिप सदस्य केदारनाथ यादव, बिडियो अरूणा कुमारी, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अजीत मंडल ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य पुनीत यादव ने मुख्य अतिथि एवं गणमान्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

उन्होंने विद्यालय में इस कार्यक्रम के लिए तहे दिल से आभार प्रकट किया। वहीं विद्यालय की छात्राएं ने सामूहिक रूप से स्वागत गीत प्रस्तुत की इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रमुख अंजू देवी ने कहा कि खसरा और रूबेला से बचाव के लिए यह टीकाकरण अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है। वहीं डॉ.अजीत मंडल ने इस अभियान से संबंधित खसरा और रूबैला रोग के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार पूर्वक से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस रोग से बचाव के लिए एकमात्र विकल्प टीकाकरण ही है। इसीलिए सरकार ने 9 माह से 15 वर्ष के बच्चों के लिए यह टीका उपलब्ध कराया है। इस अवसर पर राजेश कुमार, सुशीला कुमारी, बीना कुमारी, मोना कुमारी, बबीता कुमारी, जय देव पांडे, रुखसाना बेगम, गीता यादव, रीना कुमारी, मुनिया खातून, साहिय सुनीता देवी, मुकेश राणा, संतोष कुमार, सनोज कुमार, रंजीत यादव, पप्पू कुमार रजक, सीताराम यादव, नीलम प्रभा, सुनीता देवी, निशु कुमारी, जन्नत प्रवीण, पम्मी कुमारी आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# गिट्टी लदे हाइवा ट्रक में अचानक लगी आग



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोडरमा घाटी लठवहिया मंदिर के समीप बुधवार सुबह करीब 11 बजे गिट्टी लदे हाइवा ट्रक में अचानक आग लग गई। मिली जानकारी के अनुसार हाइवा ट्रक डोमचांच से गिट्टी लोड करके बिहार की ओर जा रही थी।

इसी क्रम में पिछला चक्का में अचानक आग लग गई। घटना के बाद राहगीरों के द्वारा पुलिस व दमकल को सूचना दिया गया। जिसके बाद दमकल मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

# थाना प्रभारी ने जनप्रतिनिधि व गण्यमान्य लोगों के साथ की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुंदा(चतरा)।** कुंदा थाना के नए थाना प्रभारी कौशल कुमार सिंह ने बुधवार एक आवश्यक बैठक बुलाया गया बैठक का अध्यक्षता थाना प्रभारी कौशल कुमार सिंह ने किया। बैठक में जनप्रतिनिधि, समाज सेवी एवं सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधि इस बैठक में उपस्थित हुए।

बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की जनता, जनप्रतिनिधि के अलावे प्रबुद्ध लोगों से क्षेत्र की समस्या को जानने के अलावे एक दूसरे से परिचय प्राप्त कर विधि व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए आम लोगों में कानून का भय समाप्त करते हुए पुलिस पब्लिक के बीच मैत्री सम्बंध स्थापित कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाने को लेकर उपस्थित लोगों के साथ आपसी बिचार विमर्श किया। साथी अपराध को रोकने के लिए उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि आप लोगों के सहयोग से अपराध पर अंकुश लगेगा। इसलिए आपका सहयोग जरूरी है और उन्होंने यह भी कहा की किसी तरह का कोई अप्रिय है घटना या आप किसी तरह कोई भी संबंधित थाना से रिलेटेड हो तो तुरंत थाना को सूचित करें। उस पर करवाई किया जाएगा।

बैठक मैं उपस्थित कुंदा पंचायत मुखिया मनोज साहू, सीकीदाग पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अखिलेश कुमार यादव, बोधाडीह पंचायत मुखिया प्रतिनिधि विनोद साव, प्रमुख पति जयराम भारती, कुंडा थाना पी एस आई मुकेश कुमार, 20 सूत्री अध्यक्ष ब्रह्मदेव सिंह भोक्ता, 20 सदस्य विजेंद्र सिंह भोक्ता, राजू सिंह भोक्ता, अनुज कुमार साहू, अशोक यादव, देवेंद्र यादव, सतेंदर यादव, पूर्व उप मुखिया सतेंदर कुमार सिंह, किरामन यादव, जिला परिषद सदस्य भावी प्रत्याशी सुमन कुमार दास, रंजीत सिंह भोक्ता, समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

# काला दिवस के साथ ही सीएम का पुतला दहन

खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** भारतीय जनता पार्टी टंडवा मंडल में मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी के नेतृत्व में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन का कार्यक्रम किया गया। इसके उपरांत भाजपाइयों ने काला पट्टी लगाकर काला दिवस मनाया। ततपश्चात भारतीय जनता पार्टी टंडवा मंडल के सभी सम्मानित नेता एवं कार्यकर्ता एकत्रित होकर झंडा और हेमंत सोरेन के पुतला के साथ टंडवा बाजार चौक होते हुए टंडवा नगर का भ्रमण किए साथ ही कार्यकताओं द्वारा हेमंत सोरेन मुदार्बाद हेमंत सोरेन चोर है कोयला चोर हेमंत सोरेन मुदार्बाद भ्रष्टाचारी हेमंत सोरेन मुदार्बाद हेमंत सोरेन गद्दी छोड़ो जैसे गगनभेदी नारों के साथ सभी कार्यकर्ता एक सभा के रूप में नगर भ्रमण के उपरांत एकत्रित हुए जहां प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अक्षयवट पांडे ने हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल में बढ़ती भ्रष्टाचार माफियाओं का आतंक और बढ़ती बेरोजगारी पर प्रकाश डाला। भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी ने कहां की हेमंत सोरेन की सरकार गठबंधन की सरकार नहीं अपितु ठग बंधन की सरकार है इस सरकार के कार्यकाल में माताओं एवं बहनों की इज्जत आबरू सुरक्षित नहीं लोकतांत्रिक व्यवस्था का गला घोट दिया जा रहा है। सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडे ने कहां की 2024 के विधानसभा और लोकसभा में यूपीऐ ठग बंधन को एक भी सीट का नसीब नहीं होगा और इन चोरों के चंगुल से झारखंड को आजाद कराने का संकल्प भाजपा कार्यकताओं ने 11 तारीख के सचिवालय घेराव कार्यक्रम में ही ले लिया है।



## लाठीचार्ज के विरोध में भाजपा ने फूंका हेमंत सोरेन का पुतला



मंगलवार को झारखंड सचिवालय घेराव कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकताओं पर हुई लाठीचार्ज के विरोध में बुधवार को भाजपा कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। हेमंत सोरेन के द्वारा किए गए बर्बरता पूर्ण कार्रवाई के विरोध में पूरे झारखंड प्रदेश में कार्यकताओं एवं समर्थकों के द्वारा काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। जिले के सभी मंडलों में हेमंत सोरेन का पुतला दहन का कार्यक्रम किया गया। इसी नियमित छात्रा नगर में भी पुतला दहन कार्यक्रम किया गया।

## एक नजर में

### अंबेडकर जयंती को लेकर कमिटी का हुआ विस्तार, अध्यक्ष बने रविंद्र

**टंडवा (चतरा)।** डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह पूर्वक मनाने को लेकर स्थनीय नगर भवन में अनुसूचित जाति की प्रखण्ड स्तरीय बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता रविदासमहासभा के प्रखण्ड अध्यक्ष सुभाष दास एवं सन्चालन मिस्त्रौल मुखिया सुबेश राम ने किया। बैठक में अनुसूचित जाति के बैनर तले प्रखण्ड स्तरीय आगामी 23 अप्रैल को बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर जी की 132 वां जयंती समारोहपूर्वक मानने का निर्णय लिया गया। गौरतलब है कि 14 अप्रैल को बाबा साहब की जयंती प्रखंड क्षेत्र के तमाम पंचायतों में मनाया जाता है। जिसकी व्यस्तता को देखते हुए प्रखण्ड स्तरीय जयंती की तिथि को बढ़ाकर 23 अप्रैल तय किया गया। जयंती समारोह को सफल बनाने के लिए कमिटी की विस्तार किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पत्रकार रबिन्द्र दास, सचिव संतोष दास, कोषाध्यक्ष अमीरका राम, उपाध्यक्ष कृष्णा भुइयाँ गोविंद पासवान मिथलेश रजक सन्तोष पासवान पवन पासवान, उप कोषाध्यक्ष पिंटू राम मीडिया प्रभारी सचिंदर दास समेत अन्य को पदाधिकारी एवं सदस्य के रूप में चयनित किया गया। ततपश्चात सभी नव युक्त पदाधिकारियों को स्वागत किया गया। इस दौरान सभी नवयुक्त पदाधिकारियों ने धूम- धाम से जयंती को सफल बनाने का संकल्प लिया। मौके पर रामोतार राम प्रयाग दास चंदन पासवान भीम रजक शिवशंकर भारती सुभाष रजक कृष्णा भुइयाँ राहुल पासवान नागेश्वर राम जीवन राम मनोज कुमार समेत सैंकड़ो लोग मौजूद थें।

### जमशेदपुर घटना की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग

**टंडवा (चतरा)।** विश्व हिंदू परिषद की इकाई के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रंथु माहतो से मुलाकात की और राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के नाम एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से जमशेदपुर घटना की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल ने पत्र के माध्यम से राज्यपाल को बताया कि पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में आठ, नौ एवं 10 अप्रैल को जमशेदपुर महानगर कदमा थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर स्थित जटाधारी हनुमान मंदिर में असामाजिक तत्वों ने प्रतिबंधित मांस के टुकड़ों को पोटली बनाकर महावीरी झंडा के बांस में बांधने की घटना की जानकारी दी। इस घटना को लेकर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता सहित हिंदू समुदाय के कई निर्दोष लोगों को भी गिरफ्तारी हुई है। प्रतिनिधिमंडल में विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड मंत्री नकुल राम, जीत कुमार सोनू भुइयां, मिट्ठू सिंह, सुधीर कुमार, रितेश गुप्ता शामिल थे। प्रखंड मंत्री नकुल राम ने कहा जिस प्रकार से झारखंड सरकार तुष्टिकरण की नीति को अपनाते हुए उसके प्रशासन द्वारा हिंदुओं के प्रति दमनकारी नीति अपनाकर प्रताड़ित कर रही है। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर में श्रीरामनवमी महोत्सव के निमित्त लगाए गए महावीरी झंडा के बांस पर प्रतिबंधित मांस को बांधकर अपवित्र करने की कुचेष्टा ही नहीं की गई बल्कि हिंदू समाज के धार्मिक आस्था पर प्रहार किया गया। साथ ही असामाजिक तत्वों के द्वारा मंदिर को क्षति पहुंचाया गया।

### दस किलोग्राम अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**इटखोरी।** इटखोरी थाना की पुलिस ने बुधवार को वाहन चेकिंग के दौरान 10 किलोग्राम अफीम के साथ बिहार के एक अफीम तस्कर कारू यादव को गिरफ्तार किया है। जिस वाहन से अफीम ले जाया जा रहा था उससे 40 क्विंटल कालाबाजारी का चावल तथा 14 क्विंटल बच्चों का पोषाहार भी बरामद हुआ है। पुलिस ने वाहन समेत अनाज को भी जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार बिहार के गया जिला के ग्राम बाराचट्टी निवासी कारू यादव टाटा मैजिक वाहन से 10 किलोग्राम अफीम तथा कालाबाजारी का चावल व पोषाहार लेकर इटखोरी के रास्ते से बिहार जाने की तैयारी में था। गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय थाना की पुलिस ने टाटा मैजिक वाहन को थाना के सामने जांच पड़ताल के लिए रोका। जांच के दौरान पुलिस को वाहन से 10 किलोग्राम अफीम बरामद हुआ। वाहन के चालक सह तस्कर से पूछताछ के दौरान पुलिस को यह भी जानकारी मिली कि वाहन में लोड चावल व पोषाहार कालाबाजारी का है। थाना प्रभारी निरंजन कुमार मिश्रा ने बताया है कि गुरुवार को अफीम तस्करी के इस मामले का पूरा खुलासा किया जाएगा।

### प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल के प्रधानाचार्य पर प्रशिक्षुओं ने लगाया गंभीर आरोप

**सिमरिया।** प्रखंड मुख्यालय के निकट बानासाड़ी में स्थित बालिका प्रोजेक्ट गर्ल्स हाईस्कूल +2 के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार दास पर अवैध वसूली का गंभीर आरोप प्रशिक्षु शिक्षकों ने लगाया है। प्रशिक्षु शिक्षकों ने बताया कि हम लोग चतरा महाविद्यालय चतरा बीएड कर रहे हैं।विभाग द्वारा हम लोगों को बालिका प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल लेसन क्लॉस के लिए भेजा गया।जहाँ हम लोग आकर नियमित क्लासें ली गई। जिसके बाद हम प्रशिक्षुओं द्वारा ली गई क्लासों का रजिस्टर मेंटेन भी किया है।जिस रजिस्टर का सत्यापन विद्यालय के प्रधानाचार्य को करना है।सत्यापन के लिए प्राचार्य ने अवैध रूप से पैसों की मांग की गई।पैसे देने से इनकार किए जाने पर हम प्रशिक्षुओं द्वारा ली गई क्लासों का रजिस्टर सत्यापन नहीं करने को कहा।सत्यापन नहीं होने से प्रशिक्षुओं को कायार्नुभव प्रमाण पत्र मिलने में परेशानी हो रही है। प्राचार्य पर विद्यालय के सहायक शिक्षकों द्वारा यह भी आरोप लगते आ रहा है कि हमलोगों के साथ भी इनका व्यवहार ठीक नहीं रहता है। जिसके कारण मन व्यथित हो जाता है और पठन पाठन के कार्य बाधित होता है और खामियाजा छात्राओं को भुगतना पड़ता है।

### मिजिल्स एवं रूबेला रोकने को टीकाकरण शिविर का उद्घाटन

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में खसरा एवं रूबेला की रोकथाम हेतु टीकाकरण शिविर का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख ललिता देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष विजय सिंह, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सत्य नारायण भकत, मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से विधिवत फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा संबोधन करते हुए बताया गया कि 12 अप्रैल से लगभग 45 दिन तक 9 माह से 15 वर्ष के आयु के बच्चों के लिए टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है, क्योंकि ये जानलेवा बीमारी है इस बीमारी से निमोनिया, दस्त एवं जीवन के लिए अन्य घातक समस्या होती है एवं गर्भावस्था के दौरान रूबेला संक्रमण के फलस्वरूप जन्मजात शिशु को अंधापन, बहरापन, कमजोर दिमाग एवं जन्मजात दिल की बीमारी होने की संभावना बनी रहती है। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि रामावतार चौधरी, डॉ. आशीष कुमार, डॉ.टिकेश्वर नाथ एवं अस्पाल के सभी कर्मी मौजूद थे।

### टीबी मरीजों के बीच किट का वितरण

**कोडरमा।** जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. रमण कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर टीबी के धनात्मक मरीजों के बीच एयरबोर्न इंफेक्शन किट का वितरण किया गया। डॉ. रमण ने कहा कि यह किट टीबी के सभी पाजिटिव मरीजों को बीमारियों से बचाव और संक्रमण को रोकने में मदद करेगा। किट में दो मास्क, एक लीटर फिनाइल, दो थूकदान और दो साबुन दिया जा रहा है। उन्होंने टीबी मरीजों को सम्बोधित करते हुए कहा कि टीबी का रोग संक्रमण से होता है, ऐसे में आपलोग इधर उधर थूकने के बजाय थूकदान में ही थूक को निकाले, घर में भी मास्क लगाए रखें, इससे रोग का फैलाव नही होगा, यदि आपके परिवार में किन्ही को टीबी से सम्बंधित लक्षण दिखे तो तत्काल नजदीकी केंद्र में जाकर बलगम का जांच करवाएं।

